आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!

वर्ष-11 । अंक 175 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण

इंदौर, व भोपाल, रायपुर व बिलासपुर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर, रविवार, 29 जून, 2025

# 9 दिन मौसी के यहां ठहरेंगे भगवान जगन्नाथ

## पुरी में तीनों रथ गुंडिचा मंदिर पहुंचे

## 10 लाख से ज्यादा भक्त पहुंचे



पुरी। पुरी में जगन्नाथ यात्रा के दूसरे दिन शनिवार को सुबह 10 बजे फिर रथयात्रा शुरु हुई। भक्तों ने तीनों रथों को खींचना शुरु किया। सुबह 11.20 बजे भगवान बलभद्र का रथ तालध्वज और दोपहर 12.20 बजे देवी सुभद्रा का दर्पदलन रथ और इनके बाद भगवान जगन्नाथ का नंदीघोष रथ 1.11 बजे गुंडिचा मंदिर पहुंच गया है। गुंडिचा मंदिर में भगवान 9 दिन ठहरेंगे। शुक्रवार को रथ यात्रा में 10 लाख से ज्यादा लोग थे। देर शाम देवी सुभद्रा के रथ के आसपास भीड़ का दबाव बढ़ने से 625 से श्रद्धालुओं की तबीयत बिगड़ गई। प्रशासन के मुताबिक, 70 अस्पताल में भर्ती किया गया। इनमें से 9 की हालत गंभीर है।

# 2002-03 मुंबई ब्लास्ट के आरोपी आतंकी साकिब नाचन की मौत

### ISIS का इंडिया चीफ था, ब्रेन हेमरेज के बाद सफदरजंग में एडमिट था

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (ISIS) का इंडिया हेड साकिब नाचन (57) की मौत हो गई है। जेल में बंद रहने के दौरान साकिब को ब्रेन हेमरेज हुआ था। नाचन को 23 जून को तिहाड़ जेल से दिल्ली के DDU अस्पताल लाया गया था। हालत बिगड़ने पर बुधवार को सफदरजंग में भर्ती कराया गया, जहां शनिवार दोपहर 12:10 बजे उसने दम तोड़ दिया।

साकिब नाचन 2002-03 में हुए मुंबई ब्लास्ट का आरोपी था। जिसमें मुंबई सेंट्रल, विले पार्ले और मुलुंड स्टेशन पर हुए धमाके भी शामिल थे। इन हमलों में 13 लोग मारे गए और सौ से ज्यादा लोग घायल हुए थे। साकिब ISIS और प्रतिबंधित छात्र इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (SIMI) का पूर्व पदाधिकारी भी था।

**2023 में गिरफ्तार हुआ था साकिब:** मुंबई ब्लास्ट मामले और अवैध हथियार रखने के लिए प्रिवेंशन ऑफ टेररिज्म एक्ट, यानी पोटा के तहत सजा सुनाई गई। अदालत ने साकिब और उसके भाई को 10 साल की सजा सुनाई थी। साल 2017 में ही वो जेल से सजा काटकर बाहर आया था।

इसके बाद साकिब पर आतंकी संगठन ISIS से जुड़ी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप लगे थे। साल 2023 में उसे NIA ने फिर से गिरफ्तार किया था। वह ISIS के दिल्ली-पधगा टेरर मॉड्यूल का मुख्य आरोपी था।



**फाइनेंस और लीगल हेल्प का काम देखता था साकिब नाचन**

साकिब नाचन ISIS के महाराष्ट्र मॉड्यूल का लीडर था। उसने कल्याण के बोरीवली गांव में सेंटर बनाया था। यहां से वो नए लड़कों को भर्ती करता, उन्हें फाइनेंशियल-लीगल हेल्प करता और ट्रेनिंग देता था। वो ISIS में शामिल होने वाले लोगों को 'बैयत' यानी ISIS के खलीफा के लिए निष्ठा की शपथ भी दिलाता था।

# एअर इंडिया ने 4 कर्मचारियों से इस्तीफा मांगा

### अहमदाबाद प्लेन क्रैश के 8 दिन बाद मनाया था जश्न

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

एअर इंडिया ने अपने ग्राउंड हैंडलिंग वेंचर AISATS के 4 कर्मचारियों को इस्तीफा देने के लिए कहा है। ये कार्रवाई इनकी एक पार्टी का वीडियो वायरल होने के बाद की गई। इन कर्मचारियों ने अहमदाबाद प्लेन हादसे के 8 दिन बाद यह पार्टी की थी। एअर इंडिया ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, 'अहमदाबाद प्लेन हादसे की दुखद घटना से प्रभावित परिवारों के साथ हम पूरी संवेदना के साथ खड़े हैं। वायरल वीडियो में कर्मचारियों का व्यवहार है, यह हमारी कंपनी की पॉलिसी के खिलाफ है। हमने जिम्मेदार लोगों पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की है।' वायरल वीडियो AISATS के गुरुग्राम ऑफिस का बताया जा रहा है। दावा है कि यहां 20 जून को पार्टी की गई थी।

### प्रधानमंत्री मोदी ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से की बात

# प्रधानमंत्री ने शुभांशु से पूछा- ISS पर साथियों को हलवा खिलाया?

**एजेंसी ● नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अंतरिक्ष यात्रा पर गए भारतीय एस्ट्रोनॉट और ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बात की। उन्होंने इस दौरान शुभांशु से पूछा किक्या हलवा अपने साथियों को खिलाया। इसके जवाब में शुभांशु शुक्ला ने कहा किये कुछ चीजें मैं अपने देश की खाने की लेकर आया था, जैसे गाजर का हलवा, मूंगदाल का हलवा और आम रस। मैं चाहता था कि ये बाकी देशों से मेरे साथी हैं, वो भी इसका स्वाद लें। वो भी भारत की समृद्ध विरासत का अनुभव करें। हम सभी ने बैठकर साथ में इसका स्वाद लिया। सबको बहुत पसंद आया।

मिशन गगनयान को आगे बढ़ाना है- पीएम मोदी

शुभांशु शुक्ला से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'हमें मिशन गगनयान को आगे बढ़ाना है। हमें अपना खुद का स्पेस स्टेशन बनाना है। और हमें यह सुनिश्चित करना है कि कोई भारतीय अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा पर उतरे। आपके अनुभव भविष्य के सभी मिशनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मुझे विश्वास है कि आप अपने अनुभव के हर हिस्से को लगन से रिकॉर्ड कर रहे हैं।' शुभांशु शुक्ला ने कहा, 'भारत तीव्र गति से प्रगति कर रहा है...भारत के अंतरिक्ष में स्टेशन होंगे...शांति बनाए रखने में माइंडफुलनेस महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, क्योंकि प्रशिक्षण और लॉन्च के दौरान कई तनावपूर्ण स्थितियां होती हैं। माइंडफुलनेस और ध्यान अच्छे निर्णय लेने में बहुत मदद करते हैं'।

### 14 दिन के लिए ISS की यात्रा पर शुभांशु शुक्ला

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला इन दिनों नासा के एक्सिओम 4 मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र (आईएसएस) की यात्रा पर हैं। शुभांशु शुक्ला बुधवार को ऐतिहासिक यात्रा पर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए रवाना हुए, जो 41 साल के अंतराल के बाद भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान में वापसी का प्रतीक है। वे वहां 14 दिनों तक रहेंगे और इस दौरान कई प्रयोग करेंगे।

# IPS पराग जैन RAW चीफ बने

### 1 जुलाई से चार्ज संभालेंगे, दो साल का कार्यकाल रहेगा; एविएशन रिसर्च सेंटर के प्रमुख भी हैं

**एजेंसी ● नई दिल्ली**



भारत सरकार ने 1989 बैच के पंजाब कैडर के IPS पराग जैन को देश की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (RAW) का नया चीफ नियुक्त किया है। उनका कार्यकाल दो साल का होगा। वे रवि सिन्हा की जगह लेंगे, जो 30 जून को रिटायर हो रहे हैं।

पराग लंबे से RAW से जुड़े हैं। उन्होंने RAW के पूर्व प्रमुख सामंत गोयल के साथ मिलकर काम किया है। वे पाकिस्तान डेस्क को संभाल रहे हैं। उन्होंने अनुच्छेद 370 को हटाने और बालाकोट एयरस्ट्राइक जैसे अहम मिशन पर काम किया है। पराग एविएशन रिसर्च सेंटर (ARC) के प्रमुख भी हैं, जहां उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के आतंकी शिविरों की पहचान में अहम भूमिका निभाई थी। पराग जैन एसएसपी चंडीगढ़ और डीआईजी लुधियाना के पद पर भी रहे हैं।

### मुख्यमंत्री पृथ्वीपुर में देवी अहिल्याबाई नारी शक्ति सम्मेलन में हुए शामिल

# बुंदेलखंड के हर खेत को पानी मिलेगा : सीएम डॉ. यादव

**संवाददाता ● भोपाल**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत की मातृशक्ति ने भारत का मान बढ़ाया है। भारत में बहन-बेटियों का सम्मान होता है, दुनिया में कहीं भी रक्षाबंधन नहीं मनाया जाता है। सात जन्मों तक भाई-बहन का प्यार रहता है इस प्यार की किसी से तुलना नहीं हो सकती। इसलिए सरकार ने तय किया है कि लाड़ली बहनों के लिए रक्षाबंधन पर 250 रुपए बढ़ाकर दिये जाएंगे। साथ ही आगामी दीपावली से लाड़ली बहनों को 1500 रुपए दिए जाएंगे और 2028 तक यह राशि बढ़ाकर 3 हजार रुपये कर दी जायेगी। उन्होंने कहा कि दुनिया की कोई ताकत हमारी लाड़ली बहनों को धन देने से नहीं रोक सकती। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार बहनों के विकास के मामले में कोई कसर बाकी नहीं रखेंगी। रेडीमेड गारमेंट में काम करने वाली बहनों को मध्यप्रदेश सरकार 5 हजार रुपए महीना देगी यह सरकार का निर्णय है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को निवाड़ी जिले के पृथ्वीपुर में देवी अहिल्याबाई नारी शक्ति सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में शामिल होकर मैं अभिभूत हूं। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र में गरीबी को दूर करने के लिए नदी जोड़ो अभियान की कल्पना पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र की केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना की शुरुआत हमारी सरकार ने की है जिस पर तेजी से काम किया जा रहा है। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। साथ ही लाड़ली लक्ष्मी योजना के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुंदेलखंड की अक्षरु माता मंदिर के लोक निर्माण के लिए 5 करोड़ की राशि देने और सिमरा से पृथ्वीपुर मार्ग के दोहरीकरण के लिए 25 करोड़ रुपए की राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवाड़ी जिले में किसान हल्दी, अदरक, लहसुन की खेती करते हैं। इसके लिए फूड प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवाड़ी जिले में मछली उत्पादन करने वाले मछुआरों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा की आने वाला समय अब बुंदेलखंड का है। यहां के किसानों के खेतों तक समुचित पानी पहुंचेगा हर हाथ को कम मिलेगा, इसके प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में फसलों का उत्पादन ठीक प्रकार से हो और उसकी अच्छी कीमत भी किसानों को मिले इसके समुचित प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य सरकार देश में सबसे ज्यादा 2600 रुपए समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 350 से अधिक सांदीपनि विद्यालय बनाए जा रहे हैं। जुलाई महीने से जिन बच्चों के घर की स्कूल से दूरी 7 किलोमीटर से अधिक है, ऐसे सभी बच्चों को साइकिल देने का काम सरकार करने वाली है।

### रीवा, उत्तर प्रदेश का गेटवे, मध्य प्रदेश आपके आतिथ्य सत्कार के लिए तैयार : उपमुख्यमंत्री शुक्ल

# रीवा में 26 व 27 जुलाई को होगा रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव

**वाराणसी में म.प्र. टूरिज्म बोर्ड के रोड शो का सफलतापूर्वक समापन**

**संवाददाता ● भोपाल**







**समापन**

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में अधोसंरचना विकास, संस्कृति का संरक्षण एवं प्रोत्साहन और पर्यटन क्षेत्र में निजी सहभागिता को बढ़ावा देने के सुनियोजित एवं एकीकृत प्रयास किए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल वाराणसी के होटल डबल ट्री बाय हिल्टन में पर्यटन रोड शो में पर्यटन व्यवसायियों, टूर ऑपरेटर्स, ट्रेवल एजेंट्स और होटल व्यवसाय से जुड़े हितधारकों को संबोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा, उत्तर प्रदेश का गेटवे है। उत्तर प्रदेश से कनेक्टिवटी सुगम है। मध्य प्रदेश सभी आगंतुकों, पर्यटकों के आतिथ्य सत्कार के लिए तैयार है। 26 एवं 27 जुलाई 2025 को रीवा, में मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल होंगे। आप सभी इसमें आमंत्रित हैं।

**पर्यटकों को मिलेगा समृद्ध और विविध अनुभव**

प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश हमारी संस्कृति, विरासतों और धरोहरों को संजोकर पर्यटकों को सुखद और अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करें। उत्तर प्रदेश और म.प्र. के पर्यटन में काफी समानता है। बाबा महाकाल और बाबा काशी विश्वनाथ दुनियाभर के श्रृद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। पर्यटकों को एक समृद्ध और विविध अनुभव मिलेगा साथ ही धार्मिक, सांस्कृतिक, स्वास्थ्य और विरासत पर्यटन को आकर्षित करने में सहयोग प्राप्त होगा। मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के पर्यटन व्यवसायियों, टूर ऑपरेटर्स, ट्रेवल एजेंट्स और होटल व्यवसाय से जुड़े हितधारकों के बीच सहयोग और साझेदारी को बढ़ावे के उद्देश्य से मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा पर्यटन रोड शो का आयोजन किया गया। यह रोड शो आगामी माह में होने वाले मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट और रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव की तैयारियों के दृष्टिगत किया गया। इस अवसर पर प्रतिष्ठित संत श्री सतुआ महाराज, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) कैंट एरिया के विधायक श्री सौरभ श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## शॉर्ट न्यूज

### फिर चार स्थानों पर चोरों का धावा, जेवर-नकदी ले उड़े...

**इंदौर**। शहर में अलग-अलग चार स्थानों पर वारदात को अंजाम देते हुए चोर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चुराकर फरार हो गए। अन्नपूर्णा पुलिस ने फरियादी महेंद्र पिता बंसीलाल जोशी निवासी अन्नपूर्णा की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया हैं। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह निजी स्कूल में शिक्षक है। वह परिवार सहित 25 जून को रिश्तेदार के यहां गए थे। लौटे तो चोरी का पता चला। उनके मुताबिक चोर 3 लाख से अधिक के जेवर और नगदी चुरा कर ले गए। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया। इसी तरह जानकीनगर में रहने वाले व्यापारी राजेंद्र पिता ओमप्रकाश मित्तल के यहां चोरी की घटना हुई। राजेंद्र के मुताबिक चोर अलमारी में रखें सोने चांदी के जेवर और नकदी चुराकर ले गए। वह पत्नी एवं बच्चों के साथ 25 जून को ससुराल भोपाल गया था।

### शौक पूरे करने के लिए नकबजनी करने वाले धराए

**इंदौर**। द्वारकापुरी पुलिस ने शौक पूरे करने के लिए चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले तीन बदमाशो और उनके एक नाबालिग साथी को गिरफ्तार किया हैं।आरोपियों के कब्जे से साढ़े तीन लाख का माल बरामद किया गया हैं। फिलहाल उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही हैं। एसीपी शिवेंदु जोशी ने बताया कि मुखबिर से सुचना मिली थी कि चार बदमाश दिग्विजय मल्टी केट रोड पर खड़े होकर आने जाने वाले लोगों से सस्ते भाव में सोना चाँदी के जेवरात बेचने के संबंध में पुछ रहे है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम के द्वारा घेराबंदी कर आरोपीगण लेखराज उर्फ केटु पिता प्रकाश सोनी निवासी नंद बाग कालोनी,राहुल पिता गोपाल रावत निवासी विदुर नगर , शुभम उर्फ शिवम पिता जामसिह निवासी ऋषि पैलेस कॉलोनी और एक नाबालिग को पकड़ा।

### भारत की सबसे पावरफुल 160 सीसी मोटरसाइकल-2025

# टीवीएस अपाचे आरटीआर 160 अब ड्यूल चैनल एबीएस के साथ

**एजेंसी ● बैंगलुरू**

दोपहिया एवं तिपहिया सेगमेन्ट में ग्लोबल लीडर टीवीएस मोटर कंपनी (टीवीएसएम) ने आज 2025 टीवीएस अपाचे आरटीआर160 का अनावरण किया। अपने अब तक के सबसे बोल्ड अंदाज़ में पेश किया गया यह वर्ज़न ड्यूल चैनल एबीएस के साथ बेहतर सुरक्षा देता है। 2025 टीवीएस अपाचे आरटीआर 160 ओबीडी2बी कम्प्लायन्ट है और ड्यूल चैनल एबीएस के साथ बेहतर सुरक्षा एवं नियन्त्रण देती है। मोटरसाइकल अपने वर्ग में सर्वश्रेष्ठ परफोर्मेन्स और प्रेसीज़न हैण्डलिंग प्रदान करती है। आज के राइडरों की बदलती ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए पेश किए गए फीचर्स के साथ टीवीएस अपाचे आरटीआर 160 आधुनिक टेक्नोलॉजी, शानदार डिज़ाइन एवं बेहतर क्षमता का बेहतरीन संयोजन है।

**2025 टीवीएस अपाचे आरटीआर 160 के नए फीचर्स**

- ओबीडी2 कम्प्लायन्ट
- ड्यूल-चैनल एबीएस
- रैड एलॉय व्हील्स

**शानदार परफोर्मेन्स**

टीवीएस अपाचे आरटीआर 160, 8,750 rpm पर 16.04 PS का पीक पावर आउटपुट तथा 7,000 rpm पर 13.85 Nm छड का टोर्क देती है। यह टीवीएस अपाचे के आइकोनिक रेसिंग डीएनए को आगे बढ़ाते हुए सेगमेन्ट में अग्रणी पावर-टू-वेट रेशो के साथ राइडिंग का शानदार अनुभव प्रदान करती है।

**स्मार्ट कनेक्टिविटी और आराम**

मोटरसाइकल पहले की तरह तीन विशेष राइड मोड्स (स्पोर्ट, अरबन, रेन), TVS SmartXonnectTM विद ब्लूटुथ एंड वॉइस असिस्ट के साथ आती है। टीवीएस अपाचे आरटीआर 160 मैट ब्लैक एवं पर्ल व्लाईट कलर्स में रैड एलॉय व्हील्स के साथ उपलब्ध है, जो इसके स्पोर्टी एवं रेस-इंस्पायर्ड कैरेक्टर को और भी आकर्षक बना देते हैं। लॉन्च के अवसर पर श्री विमल सुंबली, हैड बिज़नेस- प्रीमियम, टीवीएस मोटर कंपनी ने कहा, ''टीवीएस अपाचे आरटीआर 160 ने अपने सेगमेन्ट में हमेशा नए बेंचमार्क स्थापित किए हैं और अपाचे के रेसिंग डीएनए को आगे बढ़ाते हुए हर पीढ़ी के साथ और विकसित होती रही है। सेगमेन्ट में अग्रणी फीचर्स जैसे राईड मोड्स, SmartXonnect विद वॉइस असिस्ट और अब ड्यूल चैनल एबीएस के साथ इसने परफोर्मेन्स मोटरसाइकल से राइडर की उम्मीदों को पूरी तरह से बदल डाला है। टीवीएस अपाचे एक मशीन से कहीं बढ़कर है, यह 6 मिलियन से अधिक राइडरों की ग्लोबल कम्युनिटी है। 2025 टीवीएस अपाचे आरटीआर 160 अपने शार्प डिज़ाइन, आधुनिक तकनीक एवं ट्रैक से प्रेरित इंजीनियरिंग के साथ सही मायनों में राइड को और भी रोमांचक बनाने के लिए तैयार है।' 2025 टीवीएस अपाचे आरटीआर 160 देश भर में टीवीएस मोटर कंपनी के डीलरशिप्स पर रु 1,34,320 (एक्स-शोरूम, दिल्ली) की शुरूआती कीमत पर उपलब्ध होगी।



## पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज में ट्रैफिक मैनेजमेंट को लेकर प्रशिक्षण

**इंदौर**। पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज में बुनियादी प्रशिक्षण पा रहे नव आरक्षकों ने ट्रैफिक के नियम-कायदों के बारे में जाना और अधिकारियों से कई सवाल भी पूछे। टीम ने नवआरक्षकों को ट्रैफिक मैनेजमेंट के बारे में वीडियो और प्रजेंटेशन, क्विज और प्रैक्टिकल माध्यम से जानकारियां दी। पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, (पीटीसी) मूसाखेड़ी में नवआरक्षकों को यातायात प्रबंधन की ट्रेनिंग के लिए कार्यशाला और प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में यातायात पुलिस के एसीपी मनोज कुमार खत्री, डीएसपी पीटीसी अनिल वर्मा, निरीक्षक सूरज नागवंशी और यातायात एजुकेशन की टीम मौजूद थी। एडिशनल पुलिस कमिश्नर मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि टीम ने प्रजेंटेशन और प्रेक्टिकल माध्यम से यातायात प्रबंधन से जुड़े विभिन्न पहलुओं जैसे इंजीनियरिंग, एजुकेशन, इंफोर्समेंट, इमरजेंसी केयर आदि की विस्तृत जानकारी साझा की। इस दौरान नवआरक्षकों को मैन्यूअली (हाथ से) यातायात संचालन के तरीकों के साथ रोड मार्किंग का महत्व, संकेत बोर्ड के प्रकार, लेन अनुशासन, आदर्श चौराहा, कम संसाधनों में बेहतर यातायात प्रबंधन के तरीके आदि के बारे में बतायागया। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था में इस्तेमाल होने वाले उपकरण जैसे लाइट बेटन, ब्रीथ एनालाइजर मशीन, चालान बनाने की पीओएस मशीन कार्यप्रणाली, आईटीएमएस सिस्टम, वीआईपी डयूटी और अन्य इंतजामों को लेकर भी जानकारियां दी गई। टेस्ट में पूछे जाने वाले प्रश्नोत्तर आदि के बारे में भी बताया गया।

## एलएनसीटी ग्रुप ऑफ फार्मेसी, द्वारा एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन



**संवाददाता ● भोपाल**

**आयोजन**

एलएनसीटी कैंपस, में किया गया। यह सम्मेलन मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (MPCST) के सहयोग से आयोजित किया गया था, जिसका प्रमुख उद्देश्य फार्मेसी के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और मशीन लर्निंग (ML) की भूमिका को समझना और उसका व्यावहारिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करना था।

इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रो. अनिल कोठारी, महानिदेशक, MPCST, भोपाल थे। उन्होंने तकनीकी विकास को फार्मेसी शिक्षा व अनुसंधान के लिए एक नई दिशा बताते हुए, छात्रों और शोधकर्ताओं को इस क्षेत्र में नवाचार करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री संजय जैन, अध्यक्ष, मध्यप्रदेश राज्य फार्मेसी परिषद, उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में फार्मेसी क्षेत्र में तकनीकी समावेशन की आवश्यकता को रेखांकित किया।

सम्मेलन में देश और विदेश से प्रख्यात वक्ताओं ने अपने व्याख्यानों के माध्यम से ज्ञान साझा किया: डॉ. अशोक कुमार शर्मा, बायोइन्फॉर्मेटिक्स वैज्ञानिक, सीडर सीनाई मेडिकल सेंटर, लॉस एंजिल्स, अमेरिका। उन्होंने अमेरिका और पूरे विश्व में औषधि अनुसंधान के क्षेत्र में एआई (AI) की भूमिका पर प्रकाश डाला।

डॉ. सुशील कुमार काशव, प्रोफेसर, फार्मास्युटिकल साइंसेस विभाग, डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.), ने फार्मास्युटिकल विकास में मशीन लर्निंग की संभावनाओं पर चर्चा की। डॉ. कुलदीप गंजू, प्राचार्य एवं प्रोफेसर, सागर इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड टेक्नोलॉजी, भोपाल, ने शिक्षा प्रणाली में डिजिटल नवाचार और AI के समावेशन पर व्याख्यान दिया।

मुख्य संरक्षकजे. एन. चौकसे और संरक्षक, डॉ. अनुपम चौकसे, सचिव, ने इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के सफल आयोजन पर हार्दिक बधाई दी। यह एक ऐसा सुसंगठित और प्रभावशाली आयोजन है, जिसमें दुनिया भर के प्रतिष्ठित प्रतिनिधि, शोधकर्ता और पेशेवर एक साथ आए हैं। सम्मेलन की संयोजिका डॉ पारुल मेहता एलएनसीटी ग्रुप के निदेशक प्रशासन डॉ. अशोक कुमार राय ने विद्यार्थियों को इस तरह की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया तथा इस तरह के आयोजनों में एकत्रित

छात्रों और युवा शोधकर्ताओं ने फार्मास्युटिकल विज्ञान में एआई/एमएल अनुप्रयोगों पर अपने पोस्टर और मौखिक प्रस्तुतियाँ दी अंत में आयोजन समिति के डॉ. गोपाल पटेल, डॉ. अर्चना बागरे और डॉ. पायल सैजू ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसमें एमपीसीएसटी, संसाधन व्यक्तियों, प्रतिनिधियों और स्वयंसेवकों को उनके समर्थन और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया। अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 2K25 एक शानदार सफलता थी, जिसने प्रतिभागियों को फार्मेसी अभ्यास में एआई/एमएल पर उन्नत ज्ञान और वैश्विक दृष्टिकोण से समृद्ध किया। इसने संस्थान में भविष्य के अंतःविषय शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए एक बेंचमार्क स्थापित किया।

### रेल सुरक्षा बल द्वारा ब्यावरा राजगढ़ स्टेशन पर

## ऑपरेशन जन जागरण के अंतर्गत जागरूकता अभियान आयोजित

**संवाददाता ● भोपाल**

**अभियान**

यात्रियों की सुरक्षा और रेल संपत्ति की रक्षा हेतु रेल सुरक्षा बल द्वारा समय-समय पर विशेष जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल के अंतर्गत ब्यावरा राजगढ़ स्टेशन पर ऑपरेशन जन जागरण के तहत रेल सुरक्षा बल द्वारा एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व सहायक उप निरीक्षक श्री शिव गोविन्द मिश्र ने किया। इस अवसर पर स्टेशन परिसर में उपस्थित यात्रियों को संबोधित करते हुए उन्हें रेल सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। यात्रियों को बिना कारण आपातकालीन चैन पुलिंग (एसीपी) न करने, पटरियों पर अवैध रूप से प्रवेश (ट्रेसपासिंग) न करने, बंद रेल फाटकों को पार न करने, चलती ट्रेनों में चढ़ने-उतरने से परहेज करने और रेल गाड़ियों पर पत्थर न फेंकने की सख्त हिदायत दी गई।



वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ कटारिया ने बताया कि यात्रियों को यात्रा के दौरान किसी भी अजनबी द्वारा दिया गया खाद्य अथवा पेय पदार्थ स्वीकार न करने की सलाह दी गई, ताकि जहरखुरानी जैसे अपराधों से बचा जा सके। कार्यक्रम में महिला यात्रियों की सुरक्षा, मानव तस्करी की रोकथाम और यात्री संबंधी अपराधों के विरुद्ध जागरूकता फैलाने पर विशेष जोर दिया गया। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों से अपील की गई कि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत रेल मदद हेल्पलाइन 139 पर संपर्क करें। भोपाल मंडल रेल प्रशासन यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इस प्रकार के जागरूकता अभियानों को निरंतर जारी रखेगा।

## शौर्यादल मास्टर ट्रेनर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित

**संवाददाता ● इंदौर**

इंदौर जिले में शौर्यादल योजना के तहत किशोरी बालिकाओं की मास्टर ट्रेनर्स के लिए एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया। इस प्रशिक्षण/कार्यशाला में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रजनीश सिन्हा, प्रशासक वन स्टॉप सेंटर डॉ. वंचना सिंह परिहार, पूर्व अध्यक्ष बाल कल्याण समिति इंदौर पल्लवी पोरवाल, बाल संरक्षण अधिकारी अविनाश यादव, भगवानदास साहू, आशीष गोस्वामी, बाल विवाह कोर ग्रुप सदस्य महेन्द्र पाठक आदि उपस्थित थे।

कार्यशाला में डॉ. वंचना सिंह परिहार द्वारा शौर्यादल के दायित्व एवं आत्मरक्षा कौशल निर्माण के बारे में शौर्यादल के सदस्यों को विस्तृत जानकारी दी गई। पल्लवी पोरवाल द्वारा जेंडर की अवधारणा एवं पॉक्सो एक्ट की लघु फिल्म दिखाकर विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई। महेन्द्र पाठक द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की जानकारी दी गई। बाल विवाह क्यों नहीं करना चाहिए एवं उसके क्या दुष्परिणाम है, इसके संबंध में अवगत कराया गया। अविनाश यादव द्वारा महिला एवं बाल विकास की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई और इन योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को दिलाने में शौर्यादल मास्टर ट्रेनर्स की भूमिका के बारे में बताया गया। अंत में जिला कार्यक्रम अधिकारी रजनीश सिन्हा द्वारा शौर्यादल मास्टर ट्रेनर्स की भूमिका समझाते हुये सभी मास्टर ट्रेनर्स को प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

### ओडिसी इलेक्ट्रिक और इंडोफास्ट एनर्जी में साझेदारी

# भारत का सबसे किफायती बैटरी-स्वैपिंग स्कूटर 'स्नैप' होगा लॉन्च

**एजेंसी ● दिल्ली/मुंबई/बेंगलुरु**

**लॉन्च**

ओडिसी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स, भारत की तेजी से बढ़ रही इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी, ने इंडियन ऑयल और सन मोबिलिटी के संयुक्त उद्यम, इंडोफास्ट एनर्जी के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी में सन मोबिलिटी की बैटरी-स्वैपिंग टेक्नोलॉजी को ओडिसी के हाई-स्पीड इलेक्ट्रिक स्कूटर, स्नैप में शामिल किया जाएगा। इससे स्नैप की रेंज की चिंता और लंबे चार्जिंग समय की समस्या खत्म होगी, जिससे शहरों में सवारी करने वालों के लिए इलेक्ट्रिक स्कूटर का उपयोग आसान, किफायती और पर्यावरण के लिए बेहतर होगा।

बैटरी-स्वैपिंग इनेबल्ड स्नैप को नई दिल्ली, हैदराबाद, बेंगलुरु और मुंबई में पेश किया जा रहा है, और अन्य शहरों में इसके चरणबद्ध विस्तार की योजना है। स्नैप एक हाई-स्पीड इलेक्ट्रिक स्कूटर है, जिसमें 2000 वाट का पीक मोटर आउटपुट, 55 किमी/घंटा की टॉप स्पीड और प्रति स्वैप 100 किमी की अधिकतम रेंज है। इसमें वाटरप्रूफ आईपी 67-रेटेड मोटर, सड़कों के लिए मजबूत भारतीय चेसिस, बेहतर आराम के लिए क्रूज कंट्रोल और रीयल-टाइम बैटरी और रेंज अपडेट प्रदान करने वाला सीएएन-इनेबल्ड डिस्प्ले है। स्नैप प्रदर्शन और सुविधा दोनों प्रदान करता है, जो आज के दैनिक यात्रियों के लिए आदर्श है।

स्वैपेबल बैटरी तकनीक एक बड़ा बदलाव लाने वाला नवाचार है, जो राइडर्स की रोजमर्रा की जिंदगी में सुविधा, बचत और स्वतंत्रता लाता है। रिटेल यूजर्स के लिए, इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाना पहले से कहीं अधिक आसान और कुशल हो गया है। स्वैपेबल बैटरी के साथ, आप अपनी खाली बैटरी को किसी भी नजदीकी स्वैप स्टेशन पर दो मिनट से कम समय में पूरी तरह चार्ज बैटरी से बदल सकते हैं। यह तेज, सहज और दैनिक आवागमन के लिए एकदम सही है।

**ईवी टू-व्हीलर दैनिक उपयोगकर्ताओं के लिए प्रमुख लाभ**



**शून्य डाउनटाइम :** चार्जिंग का इंतजार छोड़ें, बस स्वैप करें और चलें।

**कम अग्रिम लागत :** बैटरी के लिए नहीं, केवल ऊर्जा के लिए भुगतान करें।

**पर्यावरण के अनुकूल यात्रा :** साझा बैटरी नेटवर्क बेहतरीन उपयोग और कम कार्बन प्रभाव सुनिश्चित करता है।

**न्यूनतम रखरखाव :** केंद्रीकृत बैटरी प्रबंधन से कम टूट-फूट।

**ऐप-नियंत्रित सुविधा :** नजदीकी स्वैप स्टेशन ढूंढें और अपने उपयोग को आसानी से ट्रैक करें।

चाहे आप डिलीवरी प्रोफेशनल हों, दैनिक यात्री हों, या वीकेंड राइडर, स्वैपेबल बैटरी सिस्टम इलेक्ट्रिक परिवहन को वास्तव में आसान बनाते हैं।

भारतीय बाजार में पहले से उपलब्ध स्नैप अब सन मोबिलिटी के बैटरी-एज़-ए-सर्विस (BaaS) सब्सक्रिप्शन मॉडल के साथ 49,999 रुपये (एक्स-शोरुम) में पेश किया जाएगा।

- 25 kWh के लिए 999 रुपये/माह
- 75 kWh के लिए 2,499 रुपये/माह

स्वैपेबल बैटरी तकनीक के चर्चा में आने पर, ओडिसी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के सीईओ, श्री नेमिन वोरा ने कहा, "सन मोबिलिटी के साथ हमारी साझेदारी वेडर एसएम के वैश्विक लॉन्च से शुरु हुई थी। अब हम स्नैप के साथ भारत में यह सफलता लाने के लिए उत्साहित हैं। हमारे राइडर-केंद्रित डिजाइन और सन मोबिलिटी की बैटरी-स्वैपिंग तकनीक के साथ, हम भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने की राह में आने वाली मुश्किलों को दूर कर रहे हैं, जिससे इलेक्ट्रिक वाहन सस्ते, सुविधाजनक और भविष्य के लिए तैयार हो रहे हैं। इंडोफास्ट एनर्जी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, रजत मल्हान ने कहा, "वेडर एसएम पर हमारे सफल अंतरराष्ट्रीय सहयोग के बाद, ओडिसी इलेक्ट्रिक के साथ भारत में साझेदारी का विस्तार करना एक स्वाभाविक कदम था।

प्रोजेक्ट पूरा होने से भेरूघाट और चोरल घाट में एक्सीडेंट-लंबे जाम से मिलेगी निजाद

# इंदौर-एदलाबाद रोड फरवरी तक होगा पूरा

संवाददाता ● इंदौर

योजना

इंदौर से खंडवा और वहां से एदलाबाद तक का 216 किलोमीटर लंबा मार्ग इंदौर से जुड़ने वाले प्रमुख मार्गों में एक है। वर्षों से इस खराब सड़क का काम अगस्त 2022 में शुरू हुआ था। इस साल जनवरी में इसे पूरा होना था, पर नहीं हुआ। अब इसे फरवरी 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, हालांकि जिस तरह से काम की गति है, इसमें भी संशय व्यक्त किया जा रहा है। जितना काम बाकी है, काम की गति उतनी तेज दिखाई नहीं देती।

जानकारी अनुसार इंदौर-खंडवा-एदलाबाद के हाईवे को फोर लेन का बनाया जा रहा है। इस परियोजना का काम अगस्त 2022 में शुरू हुआ था और इसे इसी वर्ष जनवरी तक पूरा होना था, लेकिन काम धीमा होने से नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने प्रोजेक्ट की समय सीमा को बढ़ाकर अब फरवरी 2026 कर इसे पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया हैं। इस प्रोजेक्ट के पूरा होने से भेरूघाट और चोरल घाट पर होने वाली दुर्घटनाओं से तथा घंटो तक लगने वाले जाम से राहत मिलेगी तथा खंडवा और महाराष्ट्र की ओर जाने वाले आम लोगों को यातायात में सुविधा होगी।



**घाट क्षेत्र पर बना रहे फ्लाईओवर-** इस मार्ग पर सबसे अहम हिस्सा तेजाजी नगर से बलवाड़ा तक का 33 किमी का है। घाट सेक्शन पर पुल-पुलिया, फ्लाई ओवर बन रहे हैं। इस हाईवे पर तीन सुरंगों का निर्माण भी किया जा रहा है। जिसका काम अभी भी काफी बाकी है। इन सुरंगों का काम दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। भेरूघाट सुरंग (लंबाई 576 मीटर), बाई ग्राम सुरंग (480 मीटर) और चोरल घाट सुरंग (550 मीटर) का काम लंबे समय से चल रहा है। टनल आर-पार होने के बाद छत समेत तीनों ओर को सीमेंट-कांक्रीट से उसे पक्का किया जा रहा है। टनल की फिनिशिंग के लिए 42 खिड़कियों वाली गेंट्री से सीमेंट-कंक्रीट का प्लास्टर किया जा रहा है।

### मजबूत बेस पर बना रहे टनल

रेलवे की पटरियों जैसे बेस पर गेंट्री लगाई है, जो एक दिन में 12.5 मीटर सीमेंट-कांक्रीट कर देती है। 42 खिड़कियों और टनल की दीवार के बीच 2.5 मीटर की गैप में सरियों का जाल है। एक खिड़की से सीमेंट-कंक्रीट भरने के बाद दूसरी खिड़की से जब मटेरियल निकलने लगता है तो उसे बंद कर देते हैं। इस तरह टनल को पक्का किया जा रहा है। टनल में सड़क बनाने के लिए बेस बना दिया गया है। तीनों टनल एनएटीएम (न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड) तकनीक से बनाई जा रही है। इस ऑटोमेटिक टनल में कई अनोखे प्रयोग किए जा रहे हैं। आपातकालीन स्थिति में बैरिकेड्स बंद हो जाएंगे। साथ ही आग बुझाने के उपकरण भी लगाए जा रहे हैं। यदि यह काम समय पर पूरा हो जाता है, तो भारी वाहनों को दिसंबर से हाईवे से गुजरने की अनुमति मिल जाएगी।

### बारिश के पहले शुरू हो चुका अंडरपास निर्माण

सिमरोल बायपास और सिमरोल अंडरपास को भी बारिश के पहले शुरु करने की तैयारियां थी, किंतु काम अभी भी अधूरा है। दरौंदा के पास बनाए गए फ्लाईओवर से ट्रैफिक शुरु हो चुका है। जैसे-जैसे काम होता जा रहा है, वैसे-वैसे एनएचएआई सड़क पर ट्रैफिक शुरु करती जा रही हैं। इंदौर से ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग जाने वाले भक्तों को इस हाईवे के बनने से बहुत लाभ होगा। घाट सेक्शन और कर्व के कटाव से इंदौर से खंडवा की दूरी और यात्रा का समय भी कम हो जाएगा। इंदौर से खंडवा दो घंटे में पहुंचा जा सकेगा। नवनिर्मित सड़क पर वाहनों की अधिकतम गति सीमा 80 से 100 किमी प्रति घंटा रहेगी। अभी इंदौर-खंडवा दो लेन पर यातायात हमेशा ही जाम रहता है। महाकाल लोक के कारण बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा हुआ है। वे उज्जैन के साथ ओंकारेश्वर और ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग दर्शन के लिए बड़ी संख्या में सडक़ मार्ग से सफर करते हैं।

## शॉट न्यूज

### तीन हादसों में महिला सहित तीन की मौत

**इंदौर।** किशनगंज इलाके में तेज रफ्तार लोडिंग वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर रालामंडल क्षेत्र में हुए हादसे में एक महिला की मौत हो गई जबकि सिमरोल इलाके में दुर्घटना में गंभीर घायल एक व्यक्ति की इलाज के दौरान की भी मौत हो गई। किशनगंज पुलिस के मुताबिक हादसा एबी रोड पर भगवती ढाबे के सामने हुआ। मृतक का नाम चेतन वर्मा बताया गया। घायल दोस्त का नाम पुष्पेंद्र पिता गणेश पाल निवासी प्रजापत नगर है। पुलिस ने लोडिंग वाहन क्रमांक एमपी 42 जेडडी 4425 के चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी पुष्पेंद्र पाल ने पुलिस को बताया कि मैं अपने दोस्त चेतन वर्मा के साथ बाइक पर सवार होकर जा रहा था। आरोपी लोडिंग चालक ने अपना वाहन तेजगति और लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए मेरी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी।

### प्रीवेंटिव हेल्थ केयर शिविर का नागरिकों ने उठाया लाभ

**इंदौर।** संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की पहल पर गेरसंचारी रोगों की रोकथाम के लिये इंदौर में स्वास्थ्य विभाग और अरविंदो मेडिकल कॉलेज द्वारा प्रीवेंटिव हेल्थ केयर शिविर आयोजन का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को खजराना गणेश मंदिर परिसर में प्रीवेंटिव हेल्थ केयर शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में कुल 515 नागरिकों ने अपना पंजीयन कराया। शिविर में कैंसर, टीबी, हड्डी, हार्ट, लीवर एवं गठिया रोग, दंत रोग, नेत्र रोग आदि से जुड़ी 1700 से अधिक जाँचें की गईं। इनमें मुख्य रूप से 93 ईसीजी, 96 फाइब्रोस्कैन, 379 एचबी, 379 आरबीएस, 190 एसजीपीटी, 190 एसजीओटी, 190 लिपिड प्रोफाइल, 103 ईको, 72 यूएसजी, 38 मैमोग्राफी, 123 जनरल मेडिसिन, 110 कार्डियोलॉजी, 40 डेंटल चेकअप, 136 ऑप्थेलमिक चेकअप आदि हैं।

### लसूड़िया पुलिस गांजा तस्कर किया गिरफ्तार

**इंदौर।** लसूड़िया पुलिस ने गांजा बेचने की फिराक में घूम रहे तस्कर को गिरफ्तार किया हैं। आरोपी से गांजा जब्त कर पूछताछ की जा रही हैं। एसीपी आदित्य पटले (आईपीएस) ने बताया कि लसूड़िया पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि स्कीम 78 निवासी बदमाश विजय उर्फ काला पिता विनोद यादव चौधरी फिंग सिटी में अवैध मादक पदार्थ गाँजा लिए बेचने के लिए खड़ा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए लसूड़िया पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से करीब डेढ़ किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया। वह आरोपी के विरुद्ध थाना लसूड़िया पर अपराध क्रमांक 767/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया गिरफ्तार आरोपी से मादक पदार्थ के स्त्रोत के संबंध में पूछताछ की जा रही हैं।

## ई-अटेंडेंस का विरोध, शिक्षकों ने कलेक्टोरेट में सौंपा ज्ञापन



संवाददाता ● इंदौर

विरोध

शिक्षकों के लिए 1 जुलाई से मोबाइल एप के माध्यम से ई-अटेंडेंस अनिवार्य किए जाने के फैसले के खिलाफ जिलेभर के सरकारी शिक्षक, शिक्षिकाएं और कर्मचारी संघ के पदाधिकारी कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। शिक्षकों ने इस निर्णय का जमकर विरोध करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में कहा गया कि शिक्षकों को मोबाइल से उपस्थिति दर्ज करने के आदेश तुगलकी हैं। प्रदेशभर के शिक्षकों को सिर्फ इसी प्रणाली में बाध्य किया जा रहा है, जबकि अन्य विभागों में इस प्रकार की व्यवस्था लागू नहीं की गई है। शिक्षकों का आरोप है कि उन्हें बार-बार संदेह की दृष्टि से देखा जाता है, जैसे वे चोर या मक्कार हों। जबकि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होते हैं और शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ हैं। संघ के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि यह निर्णय वापस नहीं लिया गया तो प्रदेश भर के शिक्षक एकजुट होकर आंदोलन करेंगे और अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। इससे शैक्षणिक कार्य बाधित हो सकता है, जिसकी जिम्मेदारी शासन की होगी। शिक्षकों ने मांग की कि यदि ई-अटेंडेंस जरूरी है, तो यह सभी शासकीय विभागों में समान रूप से लागू किया जाए, ताकि पारदर्शिता और समानता बनी रहे।

## सिलावट ने कनाड़िया सिविल अस्पताल निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

संवाददाता ● इंदौर

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने आज इंदौर के कनाड़िया क्षेत्र में लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन सिविल अस्पताल की प्रगति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री तुलसीराम सिलावट ने निर्माण कार्य में हो रही देरी पर असंतोष व्यक्त किया और कार्य में तेज़ी लाने के सख्त निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्य आगामी 100 दिवस के भीतर हर हाल में पूर्ण किया जाए, ताकि स्थानीय नागरिकों को जल्द से जल्द स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि निर्माण कार्य की साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी और यदि कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण नहीं होता है, तो संबंधित ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा।

सिलावट ने बताया कि कार्य की प्रगति और गुणवत्ता की निरंतर निगरानी सुनिश्चित करने हेतु एक संयुक्त समिति गठित की गई है, जिसमें संबंधित क्षेत्र के प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि सम्मिलित है। यह समिति कार्य की सतत समीक्षा कर आवश्यक सुझाव एवं सुधार सुनिश्चित करेगी। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट के साथ संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे। उन्होंने मौके पर मौजूद इंजीनियरों से विस्तृत जानकारी ली और निर्माण की तकनीकी चुनौतियों की समीक्षा की। इस अस्पताल का निर्माण कार्य मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों से भी कहा कि वे सतत मॉनिटरिंग कर कार्य को निर्धारित समय में पूरा करवाएं।

नवाचार हमेशा हमें आगे ले जाता है, यह जमीनी अमला हमारे हाथ और हमारी पहचान है

## सफाई मित्रों और निगम के कर्मचारी की वजह से हम हैं अव्वल...



संवाददाता ● इंदौर

निरीक्षण

निगमायुक्त शिवम वर्मा ने बताया कि नगरीय प्रशासन प्रमुख आयुक्त संकेत भौंडवे को निगम द्वारा निगम के वर्कशॉप विभाग का निरीक्षण आज सुबह 8 बजे किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा और वर्कशॉप प्रभारी मनीष पांडे द्वारा नगरीय प्रशासन आयुक्त को बताया गया कि किस प्रकार से निगम के द्वारा ड्रेनेज लाइन चौक होने पर चौक लाइन को देखने के लिए कैमरा बनाया गया है यह कैमरा लाइन के अंदर जाकर चोक लाइन की स्थिति बताता है। इस के साथ निगम वर्कशॉप विभाग द्वारा बनाई गई वैनिटी वैन, निगम द्वारा किए जाने वाले गणेश विसर्जन पर अपनाई जाने वाली तकनीकी, हार्वेस्ट सिस्टम, हार्वेस्ट सिस्टम किस प्रकार से सफाई करता उसे बनाने की तकनीक, गाड़ियों के आने-जाने का सिस्टम, किस प्रकार से गाड़ियों को समय सीमा में सुधार किया जाता है, आदि समस्त जानकारी से नगरीय प्रशासन आयुक्त को अवगत कराया गया।

नगरीय प्रशासन आयुक्त संकेत भौंडवे ने कहा कि इंदौर अपनी कार्यशैली एवं सफाई मित्रों तथा कर्मचारियों की मेहनत से आज हर क्षेत्र में अव्वल है, निगम के कर्मचारी और सफाई मित्र का जो यह जमीनी अमला है वह हमारे हाथ है और यही इंदौर की पहचान है। हमारी सफलता इनकी कार्य शैली और दक्षता पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि नवाचार हमेशा हमें आगे ले जाता है। निगम के वर्कशॉप विभाग की कार्य प्रणाली देखकर आयुक्त द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए की गई तथा निगम के वर्कशॉप विभाग के दो मैकेनिक शकील खान और प्रमोद वारे का समान भी किया गया। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त शिवम वर्मा, अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा, दिव्यांक सिंह,वर्कशॉप प्रभारी मनीष पांडे और अन्य उपस्थित थे।

महिला एवं बाल विकास विभाग की संभागीय बैठक

## आंगनवाड़ियों की निगरानी सतत रखें अधिकारी : सिंह

संवाददाता ● इंदौर

बैठक

संभागायुक्त दीपक सिंह की अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास विभाग की संभागीय बैठक आयोजित हुई। बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास डी.एस. रणदा, महिला एवं बाल विकास विभाग की क्षेत्रीय संयुक्त संचालक डॉ. संध्या व्यास, उप संचालक सुनीता यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी रजनीश सिन्हा सहित संभाग के सभी जिलों के महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में



संभागायुक्त सिंह ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संभाग में चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों की प्रगति रिपोर्ट देखी और उसकी समीक्षा की। सिंह ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे संवेदनशीलता, पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें। सभी अधिकारी मैदान पर जाकर आंगनवाड़ी केन्द्रों की निगरानी रखें। साथ ही यह भी देखें कि आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों को जो पोषण आहार दिया जा रहा है वह गुणवत्तापूर्ण है या नहीं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी सहायिकाएं समय पर आंगनवाड़ी केन्द्रों में पहुंचे और ठीक प्रकार से बच्चों की देखभाल करें। सिंह ने कहा कि आलीराजपुर सहित बुरहानपुर और झाबुआ में कुपोषित बच्चों के पोषण स्तर में गुणवत्तापूर्ण सुधार के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। विशेषकर आलीराजपुर और इंदौर जिले में जो बच्चे पोषण पुनर्वास केन्द्र में अति गंभीर कुपोषित है उनके लिए विशेष कार्ययोजना बनाई जाए। बताया गया कि इंदौर संभाग में 17 हजार से अधिक आंगनवाड़ी केन्द्र हैं, जिनमें सर्वाधिक तीन हजार 858 धार जिले में है। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों के कार्यकर्ताओं के मानदेय, लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पर भी चर्चा हुई। बैठक में बताया गया कि धार जिले में तीन वर्ष से लेकर 10 वर्ष तक के ऐसे 105 बच्चों को चिह्नित किया गया है।

उपयोगित जल प्रबंधन पर प्रदेश स्तरीय जल संवाद कार्यशाला का समापन, अधिकारियों ने रखे साझा किए अपने विचार

## इंदौर अद्भुत शहर, यहां तकनीक के माध्यम से लोगों को दे रहे सेवाएं : पीएस शुक्ला

संवाददाता ● इंदौर

समापन

मध्य प्रदेश नगरीय विकास एवं आवास विभाग प्रमुख सचिव संजय शुक्ला और आयुक्त संकेत भौंडवें की उपस्थिति में प्रदेश के समस्त निगमायुक्त व इंदौर-उज्जैन संभाग के नगरीय निकायों के अधिकारियों के साथ उपयोगित जल प्रबंधन को लेकर ब्रिलिंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला और जल संवाद कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर आशीष सिंह, निगम आयुक्त शिवम वर्मा, डिप्टी एडवाईजर सीपीएचईईओ रोहित कंकड, एमडी एसबीएम प्रशित जाडे, इंजीनियर इन चीफ प्रदीप मिश्रा, अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, दिव्यांक सिंह, अभिलाष मिश्रा सहि इंदौर-उज्जैन संभाग के विभिन्न नगरीय निकायों के आयुक्त, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, इंजीनियर



और प्रशानिक अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा उपयोगित जल प्रबंधन पर तकनीकी प्रेजेटेशन के माध्यम से जानकारी भी सांझा की गई।

मध्य प्रदेश नगरीय विकास एवं आवास विभाग प्रमुख सचिव संजय शुक्ला ने कहा कि कोई भी समस्या के बेहतर निदान के लिए हमारे पास तीन बातें नॉलेज, रिर्सोस और व्हील पॉवर आवश्यक है। उस काम के विषय में पर्याप्त नॉलेज, इस नॉलेज के आधार पर हमार पास जो साधन है रिर्सोस है उसका सही तरीके से क्रियान्वयन करना और इन सभी को करने के लिए आप में व्हील पॉवर होना चाहिये, जिससे की आप उस समस्या का सही निपटान कर सके।

प्रमुख सचिव ने कहा कि आप म्युनिसिपल सर्विस में काम कर रहे हैं तो यह एक अलग दुनिया है आपको इसको जानना बहुत जरूरी है, एक ही विषय पढ़कर कोई बड़े-बड़े ब्रिज डिजाइन कर रहा है, कोई म्युनिसिपल सर्विस दे रहा है कोई डेम बना रहा है और सबके अपने-अपने अलग-अलग रोल हो जाते हैं तो इस महत्व को समझते हुए म्युनिसिपल सर्विसेज और अर्बन सिटी अर्बन सर्विसेस के महत्व को भी हमें समझना होगा। इंदौर के अद्भुत शहर है, जहां पर अलग-अलग तकनीक के माध्यम से विभिन्न सेवाएं नागरिको तक पहुंचाई जा रही है, इसी प्रकार से प्रदेश के अन्य नगरीय निकायों को भी प्रशिक्षण देकर उन्हे सक्षम बनाया जा रहा है। उन्होने कहा कि दो दिवसीय कार्यशाला से प्राप्त निष्कर्ष के बेहतर क्रियान्वयन किया जाना आवश्यक है।

### पानी को ट्रीट कर इस्तेमाल करना भविष्य के लिए जरूरी...

मध्य प्रदेश नगरीय विकास एवं आवास प्रमुख सचिव ने आगे कहा कि उपयोगित जल प्रबंधन पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में जल प्रबंधन को लेकर विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा ऑनलाइन और ऑफलाईन के माध्यम से अपने-अपने विचार सांझा किए, उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला के साथ ही यहां पर जल प्रबंधन को लेकर एक्सप्रो का भी निर्माण किया गया है, जहां पर जल प्रबंधन की अलग-अलग तकनीकी बताई गई है। उन्होंने कहा कि भारत में पहली बार ग्रीन एसओआर का निर्माण किया जा रहा है, साथ ही जल प्रबंधन के क्षेत्र में प्रशासन द्वारा रियूज वॉटर पोर्टल का भी निर्माण किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि उपयोगित जल प्रबंधन तीन सिद्धांतों पर आधारित है, रियूज वॉटर, रिडयूज वॉटर व री-सायकल वॉटर, इस पर काम करना आवश्यक है, वर्तमान में जितना पानी है उससे ज्यादा हमारी डिमांड है, इसके लिये आवश्यक है कि पानी की डिमांड को रिडयूज करना, अधिक से अधिक पानी को ट्रीट कर रियूज करना हमारे भविष्य के लिए जरुरी है, इसके लिए नवीन तकनीकी साधनों से हमें यह काम कर सकते है। इंदौर ने जल प्रबंधन के क्षेत्र में अपने नवाचारो से यह सिद्ध करके दिखाया है। कलेक्टर आशीष सिंह ने कहा कि इंदौर में हमेशा से स्वच्छता की बात होती आई है, मगर किसी ने भी कभी इंदौर के सीवरेज सिस्टम के बारे में बात नही कि, इंदौर की सफलता में इंदौर की स्वच्छता के साथ ही इंदौर के सीवरेज सिस्टम का भी महत्वपूर्ण योगदान है। निगमायुक्त शिवम वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री के जल गंगा संवर्द्धन अभियान के अंतर्गत ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में दो दिवसीय कार्यशाला-जल संवाद कार्यक्रम में देश व प्रदेश के नगरीय निकायों के निगमायुक्त, इंदौर-उज्जैन संभाग के नगरीय निकायों के अधिकारियों द्वारा उपयोगित जल प्रबंधन को लेकर चुनौतियों और समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई।

# संगीत और मेहंदी के अलावा, क्या प्रीनप भी अपनी शादी में है?

दुनिया के चौथे सबसे अमीर व्यक्ति जेफ बेजोस, इस वीकेंड वेनिस में चल रहे भव्य समारोह में लॉरेन सांचेज से शादी कर रहे हैं। ऐसी बड़ी शादियों से पहले हम जैसे भारतीय जहां हमेशा ये जानने को उत्सुक रहते हैं कि मेहंदी, संगीत के कार्यक्रम कैसे होने जा रहे हैं, लेकिन वहां के लोग ये जाने बिना नहीं रह पाते कि क्या इसमें प्रीनप है और वह कैसा है! लोग तब तक अपनी चर्चा समाप्त नहीं करते, जब तक कि ये ना जान लें कि ह्यप्रीनप्सह्ल कैसा होने जा रहा है। आप सोच रहे होंगे कि भला ह्यप्रीनपह्ल क्या है? ये एक विवाहपूर्व समझौता है, जिसे आम तौर पर प्रीनप कहते हैं। इसमें शादी से पहले युगल लिखित समझौता करता है, जो उन्हें शादी के बाद अपने कानूनी अधिकारों के चयन और नियंत्रण का अधिकार देता है और बताता है कि यदि शादी टूटी तो क्या होगा। 231 अरब डॉलर (लगभग 20 लाख करोड़ रु.) की सम्पत्ति वाले इस व्यक्ति ने 2019 में जब मैकेंजी स्कॉट से तलाक लिया, तो उनके पास सम्पत्ति के बंटवारे वाला ह्यप्रीनपह्ल समझौता नहीं था। तब मैकेंजी को अमेजन में हिस्सेदारी मिली थी, जिसका मूल्य 35 अरब डॉलर से अधिक था।

जून 2025 तक बेजोस के पास अमेजन का 8.6% हिस्सा था, जिसकी वैल्यू 190.56 अरब डॉलर थी। 2024 में उन्होंने अपने हिस्से के 13.5 अरब डॉलर के शेयर बेच दिए थे। बेजोस की निजी निवेश फर्म बेजोस एक्सपेडिशंस, उनकी सम्पत्ति-निवेश का हिसाब-किताब रखती है। सोवरेन वेल्थ फंड इंस्टीट्यूट के अनुमान के अनुसार कंपनी के पास 107.8 अरब डॉलर की सम्पत्ति है। कंपनी ने एयरबीएनबी, उबर टेक्नोलॉजी, ब्लू ओरिजिन, वॉशिंगटन पोस्ट और परप्लेक्सिटी में निवेश किया है। परप्लेक्सिटी गूगल जैसी कंपनियों का बड़ा प्रतिद्वंद्वी है। बेजोस अमेरिका में 23वें सबसे बड़े भूस्वामी भी हैं, जिनके पास 4.20 लाख एकड़ जमीन है। यहां मैं मैनहट्टन के फिफ्थ एवेन्यु से लेकर अन्य स्थानों पर स्थित उनके मकानों की बात तो कर ही नहीं रहा हूं। मेरी सूची में दो जेट, दो हेलीकॉप्टर और सुपर याट भी शामिल नहीं है। 1997 में बेजोस होंडा अकॉर्ड कार चलाते थे और दरवाजों की पुनःउपयोग वाली अतिरिक्त लकड़ी से बनी डेस्क पर काम करते थे। आज वह दुनिया के चौथे सबसे अमीर व्यक्ति हैं! प्रीनप्स सिर्फ संपत्ति के बारे में ही नहीं होते, बल्कि इस बारे में भी होते हैं कि कौन प्रभावी होगा, निजी जेट का प्रयोग कौन कर सकता है, उत्तम नस्ल वाले घोड़ों की देखभाल कौन करेगा, यहां तक कि सोशल मीडिया पर कौन क्या कह सकता है। ये समझौते एक चीज अवश्य ही विश्वसनीय रूप से देते हैं, वो है चुप्पी।

**सोवरेन वेल्थ फंड इंस्टीट्यूट के अनुमान के अनुसार कंपनी के पास 107.8 अरब डॉलर की सम्पत्ति है। कंपनी ने एयरबीएनबी, उबर टेक्नोलॉजी, ब्लू ओरिजिन, वॉशिंगटन पोस्ट और परप्लेक्सिटी में निवेश किया है। परप्लेक्सिटी गूगल जैसी कंपनियों का बड़ा प्रतिद्वंद्वी है। बेजोस अमेरिका में 23वें सबसे बड़े भूस्वामी भी हैं, जिनके पास 4.20 लाख एकड़ जमीन है। यहां मैं मैनहट्टन के फिफ्थ एवेन्यु से लेकर अन्य स्थानों पर स्थित उनके मकानों की बात तो कर ही नहीं रहा हूं।**

विकसित देशों में अब प्रीनप्स हर संपत्ति वर्ग के लोगों में आम होते जा रहे हैं, खासतौर पर जिनकी संपत्ति नौ अंकों में या उससे अधिक होती है। प्रीनप्स ये भी तय करते हैं कि ब्रेकअप की स्थिति में कौन सामान पैक करेगा और कौन तीस दिन के भीतर बाहर जाएगा। कुछ प्रीनप्स में इसका भी उल्लेख होता है कि जीवनसाथी को उतना ही वजन रखना होगा, जितना शादी के दिन था और सप्ताह में चार बार व्यायाम करना होगा। धोखाधड़ी या अफेयर पर वित्तीय दंड का प्रावधान भी होता है। इन ह्यप्रीनप्सह्ल में एक दिलचस्प बात सनसेट क्लॉजेस भी होते हैं, जिनमें 10 या 20 वर्ष बाद प्रीनप्स समझौते के समाप्त होने का प्रावधान भी होता है। ये इस बात की स्वीकारोक्ति है कि लंबे समय चलने वाले विवाह सच्ची पार्टनरशिप में बदल जाते हैं।

इस पर मुझे आश्चर्य होता है कि क्या विश्वास से भरी पार्टनरशिप बनने में इतना लंबा समय लगता है? यही कारण है कि भारतीय विवाह लंबे समय चलते हैं, क्योंकि इनमें जीवनभर की प्रतिबद्धता पर जोर दिया जाता है। परिवार और समाज की उम्मीदों का दबाव होता है और शादी को दो परिवारों को मिलन माना जाता है। पारंपरिक तौर पर हम शादी को एक पवित्र और स्थायी बंधन के तौर पर देखते हैं। जीवनभर की प्रतिबद्धता में यह गहरा विश्वास ही तलाक के खिलाफ एक मजबूत रुकावट बन सकता है। फंडा यह है कि मैं अब भी यह पसंद करूंगा कि वकीलों के साथ बैठकर ह्यप्रीनप्सह्ल बनाने के बजाय हमारे परिवारों की शादियां ह्यमेड इन हैवनह्ल कहलाएं। आपका क्या कहना है?

## संत वचन

मसीह में भाइयों और बहनों, जैसा कि हमने एंटिओक के सेंट इग्नाटियस के जीवन और उदाहरणों से सुना है, और जैसा कि हमने पवित्र शास्त्रों के शब्दों को समझा है, इसलिए हम सभी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें ताकि हम उन लोगों के पदचिन्हों पर चल सकें जो हमसे पहले चले गए हैं और अपने जीवन और ईश्वर में विश्वास में अनुकरणीय रहे हैं। आइए हम सभी अपने अभिमान और अहंकार, लालच और अन्य प्रकार की इच्छाओं को त्याग दें जो हमें हमारे पतन की ओर ले जा सकती हैं। आइए हम सभी अब से अपने जीवन के प्रत्येक क्षण में ईश्वर की इच्छा को और अधिक ईमानदारी से पूरा करने का प्रयास करें, और आइए हम अपने स्वयं के अनुकरणीय जीवन से एक-दूसरे को प्रेरित करना जारी रखें ताकि हम सभी को प्रभु के और करीब ला सकें। आज के हमारे प्रथम वाचन में, जो प्रेरित पौलुस द्वारा कलीसिया और इफिसुस नगर और क्षेत्र के ईश्वर के वफादार लोगों को लिखे गए पत्र से लिया गया है,

# युद्ध ने ईरान को उलटे एटम बम बनाने को प्रेरित किया है

ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों को लेकर यह प्रचारित किया गया था कि यह उसके परमाणु कार्यक्रम को रोकने के लिए थे। जबकि परिणाम इससे उलट भी हो सकता है। क्योंकि अब ईरान को पक्का भरोसा हो गया है कि भविष्य के हमलों से बचने और अपनी हुकूमत को कायम रखने के लिए परमाणु हथियार हासिल करना ही इकलौता विकल्प रह गया है। एक समय था, जब दवाब और प्रोत्साहन की मिली-जुली रणनीति के जरिए ईरान को इस विषय पर बातचीत के लिए तैयार कर लिया गया था। 2015 में जॉइंट कॉम्प्रेहेंसिव प्लान ऑफ एक्शन (जेसीपीओए) के जरिए ईरान उस पर लगाए गए प्रतिबंधों में राहत और अन्य रियायतों के बदले अपने परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने के लिए राजी भी हो गया था। लेकिन इसके बावजूद इजराइल की मांग पर डॉनल्ड ट्रम्प अपने पहले कार्यकाल में जेसीपीओए से हट गए। इससे 20 माह की अथक कूटनीति से बना आपसी भरोसा टूट गया। कुछ लोग तर्क देते हैं कि ईरान अंतरराष्ट्रीय समुदाय को धोखे में रखकर आवश्यकता से अधिक यूरेनियम परिष्कृत कर रहा था। ऐसे में उसने खुद ही इन हमलों को न्योता दिया। ये शिकायतें भी जायज हैं। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने इजराइल के हमलों से पहले ही अपनी रिपोर्ट में ईरान के अंतरराष्ट्रीय दायित्वों के उल्लंघन को लेकर चिंता जाहिर कर दी थी।

**एडिट.नोट**

इंस्टीट्यूट फॉर साइंस एंड इंटरनेशनल सिक्योरिटी की ओर से इस रिपोर्ट के विश्लेषण में तो यह भी कहा गया कि ह्यईरान फोर्दो प्लांट में अपने 60% तक परिष्कृत यूरेनियम को महज तीन हफ्तों में 233 किलोग्राम वेपन-ग्रेड यूरेनियम में बदल सकता है, जिससे 9 परमाणु हथियार बनाए जा सकते हैं।ह्ल लेकिन साथ ही आईएईए ने त्वरित परमाणु संधि की आवश्यकता जताते हुए यह भी कहा था कि उसके पास ऐसे कोई पुख्ता संकेत नहीं हैं कि ईरान में अघोषित परमाणु कार्यक्रम चल रहा है।

इसके बावजूद अमेरिकी और इजराइली नेताओं ने ईरान के फोर्दो, नतांज और इस्फहान जैसे परमाणु ठिकानों पर हमलों को हरी झंडी दे दी, जो आईएईए के सुरक्षा मापदंडों के तहत आते हैं और अप्रसार संधि की ईरानी प्रतिबद्धताओं के तहत इनकी निगरानी की जाती है। ऐसा करके उन्होंने परमाणु हथियारों पर अंकुश लगाने वाले कानूनी और सत्यापन-संबंधी फ्रैमवर्कों की ही कलई खोल दी। इन हमलों ने आईएईए की ताकत को कम किया है। अप्रसार संधि के परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग संबंधी सिद्धांत और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का भी उल्लंघन किया है। सत्ता-परिवर्तन के लिए युद्धों का रिकॉर्ड रखने वाले अमेरिका और अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर से इनकार करने वाले इजराइल ने इससे दुनिया को यह भी गलत संदेश दे दिया कि सिर्फ कमजोरों से ही नियमों के पालन की अपेक्षा की जाती है। वस्तुतः, आपके पास यदि परमाणु हथियार हैं तो आप अंतरराष्ट्रीय कानूनों की अवहेलना कर सकते हैं।

पाकिस्तान आतंकवाद को पोषित करता है, छद्म युद्ध करता है और परमाणु हमलों की धमकियां देता फिरता है। ईरान के काल्पनिक बम की तुलना में पाकिस्तान भले ही क्षेत्रीय शांति के लिए अधिक बड़ा खतरा हो, लेकिन उस पर अमेरिका चुप्पी साधे हुए है। 80 और 90 के दशकों में अमेरिकी सरकारों ने पाकिस्तान द्वारा खुफिया तरीके से यूरेनियम संवर्धन और परमाणु बम बनाने के सबूतों को अनदेखा किया। पाकिस्तान को अरबों डॉलर की सहायता भी जारी रखी। इसका परिणाम एक खंडित राष्ट्र के रूप में सभी के सामने है। अब जबकि कूटनीति पटरी से उतर चुकी है, निरीक्षणों की अवहेलना हो रही है और दोहरे मानदंड प्रभावी हैं तो ईरान को इस बात के लिए कैसे राजी किया जा सकता है कि वह परमाणु हथियार न बनाए? यह उसके लिए रणनीतिक तौर पर व्यावहारिक भी है।

अतीत में ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई द्वारा परमाणु हथियारों के खिलाफ फतवा जारी करने और इस मुद्दे पर वर्षों की बहस के बावजूद ईरानी निर्णयकर्ता अब मान चुके हैं कि उनके मुल्क को हमलों से सुरक्षित रखने के लिए अब कोई और रास्ता नहीं रह गया है।

संजय कुमार -लेखक

# भाजपा ने धीरे-धीरे अपने जनाधार को कैसे बढ़ाया?

आज की भाजपा को देखें तो इसने आजादी के बाद न सिर्फ अपना नाम बदला, बल्कि अपने सामाजिक आधार में भी बड़ा बदलाव किया है। 1951 से 1977 के बीच इसे जनसंघ के नाम से जानते थे। फिर 1977 से 1980 के बीच यह जनता पार्टी हुई और अंततः 1980 में अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी ने इसे भारतीय जनता पार्टी के तौर पर स्थापित किया। बीते दशकों में पार्टी का जनाधार बहुत तेजी से बढ़ा है, जिसके चलते कुछ दशकों तक भारतीय राजनीति के हाशिए पर रही भाजपा आज पूर्ण चुनावी प्रभुत्व वाली पार्टी बन गई है। एक जमाने में इसे ब्राह्मण-बनिया पार्टी कहा जाता था। लेकिन तब से अब तक पार्टी के समर्थकों में हुए व्यापक बदलाव के चलते अब भाजपा ग्रामीण, बहुजन, निचले और गरीब तबके के मतदाताओं में गहरी जड़ें जमा चुकी है। यह सब इसलिए संभव हुआ, क्योंकि पार्टी ने नाम के साथ अपनी विचारधारा, चुनावी-रणनीति और शासन के तौर-तरीकों में भी बदलाव किया। मौजूदा भाजपा की हिन्दुत्व विचारधारा का विपक्ष के पास कोई तोड़ नहीं दिख रहा। राष्ट्रीय गौरव का आभास देने वाला धुर-राष्ट्रवाद, सरकारी योजनाओं के जरिए बनाया गया बड़ा वोट बैंक और पार्टी की वित्तीय और संगठनात्मक ताकत ने आज इसे दुर्जेय बना दिया है। 1996 के लोकसभा चुनाव से अब तक हुए लोकनीति-सीएसडीएस के विभिन्न चुनाव-उपरांत सर्वेक्षणों से मिले प्रमाण यह इशारा करते हैं कि भाजपा ने उन मतदाता वर्गों में भी गहरी पैठ जमा ली है, जो दशकों तक उसे वोट नहीं देते थे।

अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की आबादी को लेकर भले ही अभी विवाद हो, लेकिन इन सर्वेक्षणों के साक्ष्य बताते हैं कि भाजपा ने इस बड़े मतदाता वर्ग में भी व्यापक समर्थन हासिल किया है। 1996 के चुनाव में महज 19% ओबीसी मतदाताओं ने भाजपा को वोट दिया था, लेकिन 2024 के चुनाव में भाजपा को इस वर्ग के 43% वोट मिले। यह ओबीसी वोटरों में भाजपा के व्यापक तौर पर बढ़े जनाधार को बताता है। इसी प्रकार भाजपा ने दलित, आदिवासी कहे जाने वाले बहुजन समाज भी में भी अपनी पकड़ मजबूत की है। 1996 के चुनाव में पार्टी को दलित समुदाय के सिर्फ 14% वोट मिले, जो 2024 में बढ़ कर 31% हो गए। आदिवासी मतदाताओं में भी पार्टी ने 1996 के 21% मतों की तुलना में 2024 में 48% वोट हासिल किए। परंपरागत तौर पर भाजपा को ऐसी पार्टी माना जाता था, जो उच्च और मध्यम वर्ग के मतदाताओं के बीच लोकप्रिय थी। गरीब तबके के वोटरों में पार्टी को उतना पसंद नहीं किया जाता था। लेकिन विभिन्न आर्थिक वर्ग के मतदाताओं के दृष्टिकोण से भी पार्टी के जनाधार में जबर्दस्त परिवर्तन हुआ है। अब पार्टी उच्च और मध्यम आयवर्ग के साथ ही गरीब वर्ग के मतदाताओं में भी समान रूप से लोकप्रिय है। 2014 के लोकसभा चुनाव में गरीब तबके से जुड़े वोटरों के 24% मत भाजपा को मिले थे, जो 2024 में बढ़कर 37% हो गए।

भाजपा शासित राज्यों में लगातार गरीबों को लाभ देने वाली योजनाएं संचालित की गईं और इसी के कारण यह संभव हो पाया। बहुत कम ही सही, लेकिन मुस्लिम मतदाताओं के बीच भी पार्टी ने समर्थन हासिल किया है। 1996 के चुनाव में 2% मुस्लिम वोट पार्टी को मिले थे, जबकि 2024 में यह आंकड़ा 8% पहुंच गया। भाजपा के जनाधार में इस विस्तार को न सिर्फ सामुदायिक, बल्कि भौगोलिक नजरिए से भी देखा जा सकता है। शहरी भारत की पार्टी कही जाने वाली पार्टी बीते दशक में गांवों में भी समान रूप से लोकप्रिय हो गई। 2014 के लोकसभा चुनाव में जहां पार्टी को 30% ग्रामीण मतदाताओं ने मत दिया, वहीं 2024 में उसे गांवों से 36% वोट मिले।

भाजपा के जनाधार में इस विस्तार ने पार्टी को स्पष्ट तौर पर एक ऐसी पार्टी बना दिया, जिस पर जीत हासिल करना बेहद कठिन है। इस विस्तार के दम पर पार्टी ने ना केवल एक के बाद एक कई चुनाव जीते, बल्कि 14 राज्यों में खुद की और सात राज्यों में गठबंधन दलों के साथ सरकारें बनाईं। यहां यह भी जोड़ना जरूरी है कि भाजपा ने 2014, 2019 और 2024 में लगातार विजय हासिल कर इतिहास भी रच दिया। अटल-आडवाणी के दौर की भाजपा की तुलना में आज की भाजपा के पास तुलनात्मक तौर पर अधिक स्थायी जनाधार है। नई भाजपा टिके रहने के लिए है, क्योंकि आज पार्टी की जड़ें कहीं अधिक गहरी और व्यापक हैं। एक जमाने में भाजपा को ब्राह्मण-बनिया पार्टी कहा जाता था।

## बिजनेस

# ट्रम्प ने कनाडा के साथ टैरिफ को लेकर बातचीत रोकी: अमेरिकी कंपनियों पर डिजिटल टैक्स लगाने से नाराज

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने कनाडा के साथ व्यापार वार्ता तुरंत खत्म कर दी है। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर कहा कि वे जल्द ही कनाडा पर नए टैरिफ लगाने की घोषणा करेंगे। दरअसल, कनाडा ने अमेरिका पर डिजिटल सर्विसेज टैक्स (ऊरळ) लगा दिया है। इससे नाराज होकर ट्रम्प ने यह फैसला किया। ट्रम्प ने कहा कि अगले 7 दिनों में कनाडा को बता दिया जाएगा कि उसे अमेरिका के साथ बिजनेस करने के लिए कितना टैरिफ देना होगा।कनाडा का डिजिटल सर्विसेज टैक्स एक्ट पिछले साल 20 जून, 2024 को कनाडा की संसद में पास हुआ था। हालांकि यह टैक्स 30 जून से लागू होगा। नियम के मुताबिक यह 2022 से पुराने बिलों पर भी लगेगा। यानी टैक्स का पैसा पिछले समय के लिए भी देना होगा।

डिजिटल सर्विसेज टैक्स वह टैक्स होता है, जो ऑनलाइन सर्विस देने वाली कंपनियों से वसूला जाता है। बड़ी विदेशी और घरेलू कंपनियों को, जो कनाडा में ऑनलाइन यूजर्स से पैसा कमा रही हैं, उसे आय पर 3% टैक्स देना होगा।

यह टैक्स ऑनलाइन मार्केटप्लेस, सोशल मीडिया, ऑनलाइन विज्ञापन और यूजर डेटा बेचने से हुई कमाई पर लागू होगा। यह टैक्स उन कंपनियों पर लागू होता है जिनकी सलाना कमाई 800 बिलियन डॉलर से ज्यादा है। इससे खासकर अमेरिकी टेक कंपनियां जैसे मेटा, गूगल, एपल, अमेजन और माइक्रोसॉफ्ट ज्यादा प्रभावित होंगी। कारोबारियों का अनुमान है कि इस टैक्स से अमेरिकी कंपनियों को हर साल दो अरब डॉलर से ज्यादा का नुकसान होगा। इसके साथ ही अमेरिका में 3,000 नौकरियां भी जा सकती हैं। टैरिफ वॉर से वर-कनाडा दोनों को नुकसान ट्रम्प के टैरिफ को लेकर बातचीत से पीछे हटने के बाद कनाडा के ढट मार्क कार्नी ने कहा कि वह कनाडा की जनता के हित में अमेरिका के साथ बातचीत जारी रखना चाहते हैं।

वहीं, अमेरिका के ट्रेजरी सचिव यानी कि वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि उन्हें पहले से इस टैक्स के लगाए जाने की आशंका थी। लेकिन चूंकि अमेरिका और कनाडा के बीच टैरिफ को लेकर बातचीत चल रही थी, इसलिए उन्हें उम्मीद थी कि कार्नी प्रशासन इसे लागू नहीं करेगा। बेसेंट ने कहा कि अगर कनाडा ऊरळ लागू करता है तो अमेरिका कनाडाई वस्तुओं पर ज्यादा टैरिफ लगाने के लिए तैयार है, हालांकि उन्होंने अभी दर नहीं बताई। आंकड़ों के मुताबिक, कनाडा, अमेरिका का सबसे बड़ा खरीदार है, जिसने पिछले साल 349 अरब डॉलर (29.14 लाख करोड़ रुपए) का अमेरिकी सामान खरीदा और 413 अरब डॉलर (34.49 लाख करोड़ रुपए) का सामान अमेरिका को बेचा। अगर अमेरिका, कनाडा पर हाई टैरिफ लगाता है, तो कनाडा भी जवाबी टैरिफ लगा सकता है, जिससे दोनों देशों की इकोनॉमी को नुकसान होगा। कनाडा की कंजरवेटिव पार्टी के नेता पियरे पोलीवरे ने सोशल मीडिया पर लिखा कि वे बातचीत के रुकने से निराश हैं और उम्मीद करते हैं कि वार्ता जल्द शुरू होगी। कई कनाडाई व्यवसाय और संगठन भी सरकार पर दबाव डाल रहे हैं कि कर को लागू न किया जाए क्योंकि इससे अमेरिका के साथ व्यापार तनाव बढ़ सकता है।

कनाडा की व्यापार परिषद और चैंबर ऑफ कॉमर्स ने भी चेतावनी दी कि ऊरळ से दोनों देशों के रिश्तों को नुकसान पहुंच सकता है। उन्होंने सरकार से तुरंत ऊरळ खत्म करने का प्रस्ताव देने की मांग की ताकि अमेरिका टैरिफ न लगाए। हालांकि कनाडा ने पीछे हटने के संकेत नहीं दिए हैं। इस महीने की शुरूआत में कनाडा के वित्त मंत्री फ्रेंकोइस-फिलिप शैम्पेन ने कहा था कि यह टैक्स संसद ने पारित किया है, इसलिए इसे लागू किया जाएगा। ट्रम्प ने कनाडा पर पहले भी टैरिफ लगाए ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल में कनाडा पर कई टैरिफ लगाए थे। तब सभी कनाडाई निर्यातों पर 25% टैरिफ लगाने की धमकी दी थी।

## राज-काज

### सेंसेक्स 769 अंक चढ़कर 81,721 पर बंद

**मुंबई।** हफ्ते के आखिरी कारोबार दिन आज यानी शुक्रवार, 23 मई को सेंसेक्स 769 अंक चढ़कर 81,721 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 243 अंक की तेजी रही, ये 24,853 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 28 में तेजी, जबकि दो में गिरावट रही। जोमैटो, पावर ग्रिड, क्ळ्उ और बजाज फिनसर्व के शेयरों में 3.5% तक की तेजी रही। नेस्ले इंडिया समेत कुल 14 शेयरों में 1.8% तक की तेजी रही। सनफार्मा और एयरटेल 1.8% तक फिसले। निफ्टी के 50 शेयरों में से 46 में तेजी और 4 में गिरावट रही। ठरए के ऋ्रउऋ इंडेक्स में 1.63%, प्राइवेट बैंक में 1.08%, क्ळ इंडेक्स में 0.95%, मेटल में 0.76% और रियल्टी में 0.64% की तेजी रही। फार्मा और हेल्थ केयर में मामूली गिरावट रही।एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई करीब 175 अंक ऊपर 37,300 और कोरिया का कोस्पी 2 अंक ऊपर 2,592 के स्तर पर बंद हुआ।

# सेंसेक्स 250 अंक ऊपर 84,000 के पार:निफ्टी में 100 अंक की उछाल, ये 25,630 पर; मेटल और सरकारी बैंकिंग शेयरों में तेजी

**नई दिल्ली।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन आज यानी शुक्रवार 27 जून को सेंसेक्स 250 अंक ऊपर 84,000 के पार करीब कारोबार कर रहा है। निफ्टी में भी करीब 100 अंक की तेजी है, ये 25,630 पर है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 में तेजी है। टाटा स्टील, छ&ळ, रइक और ठळढउ के शेयरों में 1.3% की तेजी है। ल्उऊ्रछ, कोटक बैंक और बजाज फिनसर्व गिरकर कारोबार कर रहे हैं।

निफ्टी के 50 शेयरों में से 38 में तेजी है। ठरए के मेटल और सरकारी बैंकिंग 1% चढ़े हैं। ऑटो, क्ळ, मीडिया और फार्मा में 0.50% की तेजी है। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 1.59% ऊपर 40,215 के स्तर पर और कोरिया का कोस्पी 0.85% गिरकर 3,053 पर कारोबार कर रहा है। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स फ्लैट 24,327 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.21% गिरकर 3,441 पर कारोबार कर रहा है। 26 जून को अमेरिका का डाउ जोन्स 0.94% नीचे 43,387 पर बंद हुआ। वहीं, नैस्डेक कंपोजिट 0.97% ऊपर 20,168 पर और र&ढ 500 0.80% चढ़कर 6,141 पर बंद हुए। कल विदेशी निवेशकों ने 12,594 करोड़ के शेयर खरीदे 26 जून को विदेशी निवेशकों (ऋकक्र) ने कैश सेगमेंट में 12,594.38 करोड़ रुपए की खरीदारी की। वहीं, घरेलू निवेशकों (ऊकक्र) ने 195.23 करोड़ रुपए के शेयर्स बेचे।

जून महीने में अब तक विदेशी निवेशकों ने कैश सेगमेंट में 6,923.46 करोड़ और घरेलू निवेशकों ने 69,765.40 करोड़ की नेट खरीदारी है। मई महीने में विदेशी निवेशकों की नेट खरीदारी 11,773.25 करोड़ रुपए रही। वहीं, घरेलू निवेशकों ने भी महीनेभर में 67,642.34 करोड़ की नेट खरीदारी की थी।

इंडोगल्फ क्रॉपसाइंसेस का आज से ओपन क्रॉप प्रोटेक्शन, प्लांट न्यूट्रिएंट्स और बायोलॉजिकल प्रोडक्ट्स बनाने वाली कंपनी इंडोगल्फ क्रॉपसाइंसेस का क्कड आज यानी गुरुवार, 26 जून से ओपन हो गया है। निवेशक इस इश्यू के लिए 30 जून तक बोली लगा सकेंगे। 3 जुलाई को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे।'तीन महीने पहले असम में हमने 50,000 करोड़ रुपए के निवेश का संकल्प लिया था। आज एक बार फिर आपके नेतृत्व से प्रेरित होकर मैं घोषणा करता हूं कि अडानी ग्रुप अगले 10 साल के लिए पूर्वोत्तर में अतिरिक्त 50,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगा।



भारतीय नौसेना का स्टील्थ फ्रिगेट क्ठर टेग दक्षिण पश्चिमी हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी चल रही परिचालन तैनाती के हिस्से के रूप में पोर्ट विक्टोरिया में है।

# आज सोना 1,375 सस्ता होकर 95,784 पर आया:चांदी की कीमत 1,957 रुपए घटी; इस साल सोना 26%, चांदी 24% महंगी हुई

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में आज यानी शुक्रवार, को तेजी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (क्इखअ) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 299 रुपए बढ़कर 96,135 रुपए पर पहुंच गया है। कल यह 96,135 रुपए प्रति 10 ग्राम था।

वहीं, चांदी की कीमत भी आज 1,135 रुपए बढ़कर 97,654 रुपए पर पहुंच गई है। कल चांदी 96,519 रुपए किलो थी। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।दिल्लीः 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 89,550 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 97,680 रुपए है।

मुंबईः 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 89,400 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 97,530 रुपए है। कोलकाताः 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 89,400 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 97,530 रुपए है।

चेन्नईः 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 89,400 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 97,530 रुपए है।अमेरिकी-चीन के बीच बढ़ते ट्रेड वॉर और मंदी की आशंकाओं के कारण इस साल सोना 3,700 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है। इंटरनेशनल रेट के हिसाब से कैलकुलेट करें तो भारत में 10 ग्राम सोने के दाम 1.10 लाख रुपए तक जा सकते हैं। विदेशी इन्वेस्टमेंट बैंक गोल्डमैन सैक्स ने ये अनुमान जारी किया है।

### सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें

हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (इक्र) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी ल्वक्ऊ कहते हैं। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह होता है- अे4524। हॉलमार्किंग के जरिए ये पता करना संभव है कि कोई सोना कितने कैरेट का है।

### मुख्यमंत्री श्री जगन्नाथ रथ यात्रा में हुए शामिल, उज्जैन गोपाल मंदिर में की आरती

# भगवान जगन्नाथ का धाम चार धाम में प्रमुख : सीएम

**संवाददाता ● उज्जैन/भोपाल**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन में खाती समाज और इस्कॉन के द्वारा प्रतिवर्ष निकाले जाने वाली रथ यात्रा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गोपाल मंदिर पहुंचकर रथ यात्रा में सहभागिता की और भगवान की आरती की। इस दौरान जय जगन्नाथ का जयघोष किया। मुख्यमंत्री ने कालिदास संस्कृत अकादमी परिसर में बनाई गई गुंडिचा नगरी पहुंचकर भगवान श्री जगन्नाथ के विगृह को अपने कंधे पर उठाकर उनकी स्थापना की। मुख्यमंत्री ने भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान श्री बलराम और देवी सुभद्रा की आरती भी की।

**जयघोष**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज पूरे विश्व में उडीसा में निकाली गई भगवान श्री जगन्नाथ की यात्रा का प्रसारण किया गया है। उज्जैन में भी काफी वर्षों से यह यात्रा निकाली जा रही है। यह हम सबके लिए अत्यंत सौभाग्य की बात है। उडीसा में स्थित भगवान जगन्नाथ जी का धाम चार धाम में से प्रमुख धाम है। उज्जैन के राजा इंद्रद्युम्न ने उडीसा में वर्तमान में स्थित मंदिर का निर्माण करवाया था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान जगन्नाथ की यात्रा का इतिहास हजारों वर्ष पुराना है। आज भी यात्रा के माध्यम से हमें उन अवस्मिरणीय पलों की स्मृति होती है। खाती समाज के द्वारा निकाली जाने वाली यात्रा में दूर-दूर से श्रद्धलु और समाज जन शामिल होते है, जो हम सब की जीवटता का प्रमाण है। मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा इस्कॉन के माध्यम से निकाली जाने वाली जगन्नाथ यात्रा में विक्रमादित्य शोध पीठ को भी जोडा गया है, जिससे भगवान जगन्नाथ की अन्य लीलाओं और कथाओं की जानकारी भी आमजन को प्राप्त हो सके। भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलराम और देवी सुभद्रा की बहुत सारी गाथाएं यात्रा से जुडी हुई हैं। इन सभी कथाओं का निचोड़ यह है कि भगवान के प्रति हम सभी शुध्द कर्मों के आधार पर प्रेम अर्पित करें और उनकी भक्ती करें। परमात्मा की हम सबके ऊपर कृपा बनी रहे और उनके प्रेम की वर्षा हम सब पर होती रहे।

### भगवान कृष्ण ने दिया दुनिया को गीता का ज्ञान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने उज्जैन से ही शिक्षा ग्रहण की थी और विश्व गुरु बने। भगवद गीता का जो ज्ञान उन्होनें अर्जुन सहित पूरे विश्व को दिया था, उसका बीज उज्जैन से ही अंकुरित हुआ। महर्षि सांदिपनी व्यास के द्वारा प्रदान की गई शिक्षा और ज्ञान से भगवान श्रीकृष्ण ने पूरे विश्व को आलोकित किया। भगवद गीता के अध्याय और श्लोक हम सबको जीवन में मार्गदर्शन देने के साथ कर्म करने की प्रेरणा भी देते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अवसर पर इस्कॉन के द्वारा निर्मित गीता ऐप की शुरुआत की। उल्लेखनीय है कि इस ऐप के माध्यम से भगवत गीता के श्लोक और अध्यायों का अध्ययन अध्यापन किया जाएगा और एक साथ बहुत सारे लोग भगवद गीता से संबंधित परीक्षाओं में सम्मिलित हो सकेंगे। विधायक अनिल जैन कालूहेडा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में भगवान श्रीकृष्ण से संबंधित क्षेत्रो, उनके उपदेशों और उनकी लीलाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए श्रीकृष्ण पाथेय का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में गीता भवन बनाने का निर्णय लिया गया है। हर भवन में एक लाइब्रेरी होगी और पुस्तकों और ग्रंथों के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण के उपदेश और जीवन लीलाओं का व्यापक प्रचार प्रसार कर सभी लोगों से परिचित करवाने का कार्य गीता भवन के माध्यम से किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का इस्कॉन की ओर से राधा मदनमोहन का चित्र और भगवद गीता भेंट कर सम्मान किया गया। इस दौरान महापौर श्री मुकेश टटवाल, नगर निगम सभापति कलावती यादव, संजय अग्रवाल, जगदीश पांचाल सहित नागरिक और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

## शॉट न्यूज

### प्रमोशन के लिए पांच अधिकारी को पदोन्नति

**भोपाल**। मध्यप्रदेश में प्रमोशन में रिजर्वेशन की कवायद चलने लगी है। एक महीने के भीतर ही कई विभागों में प्रमोशन होने वाले हैं। इस बीच, सामान्य प्रशासन विभाग में हुआ एक वाकया चर्चा में है। विभाग ने खुद पांच तहसीलदारों को प्रभारी डिप्टी कलेक्टर बना दिया है। 9 जिलों की प्रशासनिक व्यवस्था में बदलाव ने सबको चौंका दिया। दरअसल, ये पदस्थापनाएं पुराने सिस्टम के तहत कार्यवाहक पदोन्नति के आधार पर की गई हैं। वहीं, दूसरी तरफ जीएडी खुद कह चुका है कि अब सभी पदोन्नति नई व्यवस्था के मुताबिक ही की जाएंगी। खास बात यह है कि राज्य में नए पदोन्नति नियम के तहत प्रमोशन देने की चर्चाएं चल रही है। आपको बता दें कि राज्य सरकार ने हाल ही में लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 लागू किया है। साथ ही सभी विभागों को 31 जुलाई तक इन्हीं नियमों के तहत पदोन्नति आदेश जारी करने के निर्देश दिए हैं।

### किसान की हत्या करने वाले दो भाई गिरफ्तार


**भोपाल**। भोपाल के गुनगा इलाके में स्थित काछी बरखेड़ा में जमीन विवाद में छोटे भाई की हत्या करने वाले दोनों भाई सहित एक भतीजे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार को आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। गुनगा पुलिस के मुताबिक काछी बरखेड़ा निवासी 46 वर्षीय बनवारी सिंह ठाकुर खेती किसानी करता था। वह चार भाइयों में सबसे छोटा था। भाइयों की करीब 14 एकड़ संयुक्त खाते की जमीन थी। जिनका बंटवारा हो गया था। मां छोटे बेटे बनवारी के साथ रहती थी। इसलिए उन्होंने अपने हिस्से की तीन एकड़ जमीन बनवारी के नाम कर दी थी। बनवारी का विवाद हुआ। जिसमें भुजमल, बैशराम और भुजमल के बेटे मनीष ने बनवारी पर लाठी-डंडे और चाकू से हमला कर दिया था। बाद में परिजनों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उसकी मौत हो गई थी।

### फर्जी हथियार लाइसेंस मामले में चार संदेही पकड़े

**ग्वालियर**। ग्वालियर में तीन फर्जी पिस्टल रिवॉल्वर के लाइसेंस बना दिए गए। मामला सामने आने के बाद एक्शन भी देखने मिला है। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। नकली लाइसेंस की जानकारी जब ग्वालियर से भोपाल गृह मंत्रालय दफ्तर तक पहुंची तो हड़कंप मच गया। कलेक्टर रुचिका चौहान के निर्देश पर जांच शुरू हुई तो यह फर्जी लाइसेंस एदल सिंह, अमित सिंह और रामनिवास सिंह नाम के व्यक्तियों के निकले। फर्जी बंदूक लाइसेंस की पहचान भी तब हुई जब ओरिजनल लाइसेंस से उनका मिलान हुआ। इन फर्जी लाइसेंस पर जिले के अपर कलेक्टर से लेकर कलेक्टर तक के हूबहू साइन कर दिए गए थे, लाइसेंस में यूनिक आईडी भी फर्जी डाली गई थी। और सॉफ्टवेयर की जगह हाथ से बनी डायरी से यह नकली लाइसेंस तैयार किए गए थे।

## पत्नी बोली- संबंध नहीं बनाऊंगी... पति ने वीडियो बनाकर मार डाला

**संवाददाता ● भिंड**



शराब के नशे में कभी कबार इंसान को जरा सा भी इल्म नहीं होता कि वो क्या करने जा रहा है। मध्य प्रदेश के भिंड से ऐसा ही एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक पति ने शराब के नशे में पत्नी की ही हत्या कर डाली। वो रात को शराब के नशे में धुत होकर घर पहुंचा था। उसने बीवी से कहा- मुझे तेरे साथ संबंध बनाने हैं। बीवी ने मना किया और सोने चली गई। पति ने फिर मोबाइल का कैमरा खोल रिकॉर्डिंग ऑन की और उससे जबरदस्ती करने लगा। बीवी ने विरोध किया तो पति ने उसका गला घोंटकर मार डाला। वो शराब के नशे में इतना धुत था कि उसे पता नहीं चला वो क्या कर बैठा है। पति फिर वहीं बिस्तर पर पूरी रात सोया रहा, वो भी पत्नी की लाश के साथ। सुबह जब नींद खुली और नशा उतरा तो अपने किए पर शर्मिंदा हुआ। फूट-फूट कर रोने लगा कि मैंने ये क्या कर दिया। बाद में थाने पहुंचा और पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। बोला- साहब! मुझे गिरफ्तार कर लो। मैंने शराब के नशे में अपनी ही बीवी को मार डाला है। पुलिस उसकी बातें सुन दंग रह गई। फिर पति के साथ उसके घर पहुंची। वहां सच में ही महिला की लाश बेड पर पड़ी थी। लाश को तुरंत कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल मामले में आगामी कार्रवाई जारी है। मामला ऊमरी थाना क्षेत्र के पुलेह गांव का है। गुरुवार रात को तीन बजे जबरसिंह शराब के नशे में धुत होकर घर पहुंचा। उसने पत्नी से संबंध बनाने के लिए कहा। पत्नी ने विरोध किया लेकिन आरोपी मोबाइल से वीडियो रिकॉर्डिंग शुरू कर पत्नी से जबरदस्ती करने लगा। पत्नी ने उसे धक्का दे दिया तो जबरसिंह ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। नशे में आरोपी ने पत्नी के साथ पहले जमकर मारपीट की फिर गले पर लात रखकर उसकी हत्या कर दी।

**मामला**

**चार महीने पहले हुई थी शादी** - युवती की शादी 10 फरवरी को पुलेह निवासी भारत जाटव के बेटे जबरसिंह जाटव के साथ शादी हुई थी। शादी के चार महीने बाद ही पति-पत्नी में अक्सर विवाद होता रहता था। उधर, घटना की जानकारी लगते ही गुरुवार को मायके पक्ष के लोग पहुंच गए। भाई दीपू जाटव ने आरोप लगाया कि जीजा और उसके पिता ने मिलकर बहन की हत्या की है। युवती की एक अंगुली कटी थी और चेहरे पर चोट के निशान हैं।

## महिला हाथ जोड़कर खड़ी रही लाठियों से पीटते रहे दबंग

**खेत में बीज बोने के दौरान पूरे परिवार से मारपीट**

विदिशा। मध्य प्रदेश के विदिशा जिले से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां लटेरी के नारायणपुरा गांव में एक दलित परिवार पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। शुक्रवार को अहिरवार परिवार के सदस्य अपनी जमीन पर बीज बो रहे थे। तभी कथित तौर पर गुर्जर समुदाय के कुछ लोगों ने उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने परिवार के सदस्यों को लाठियों से पीटा। उन्होंने महिलाओं को भी नहीं बख्शा। एक महिला हाथ जोड़कर सामने खड़ी हुई पर दंबगों से उसे भी डंडों से पीटा। उन्होंने सोयाबीन के बीज छीन लिए और उन्हें अपने खेत में बो दिया। हमले में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें महिलाएं भी शामिल हैं। उन्हें लटेरी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमले का एक वीडियो वायरल हो गया है। इससे लोगों में गुस्सा है। विपक्ष ने भी सरकार पर निशाना साधा है। पीड़ित परिवार का कहना है कि हमला बिना किसी उकसावे के किया गया। यह हमला जानबूझकर किया गया था। घायल भगवत सिंह अहिरवार ने कहा कि हम अपनी जमीन पर बीज बो रहे थे। तभी मुरारी, हंसराज, गुड्डा, पर्वत और बंटी आए और हमें पीटने लगे। उन्होंने महिलाओं को भी मारा। वे हमारे बीज ले गए और बाद में उन्हें अपने खेत में बो दिया। ऐसा लग रहा था जैसे वे अपनी ताकत दिखा रहे थे। अधिकारियों का कहना है कि जमीन का कुछ हिस्सा सरकारी हो सकता है। इसी वजह से विवाद हुआ होगा। लेकिन अहिरवार परिवार का कहना है कि जमीन कानूनी रूप से उनकी है। आरोपियों ने उन्हें जमीन पर खेती न करने के लिए बार-बार धमकाया था। विदिशा के पुलिस अधीक्षक रोहित कशवानी ने कहा कि दो पक्षों के बीच विवाद था।

## छह बार नगर भ्रमण पर निकलेंगे बाबा महाकाल

### 14 जुलाई को पहली राजसी सवारी



**संवाददाता ● उज्जैन**

श्रावण-भाद्रपद मास में भगवान श्री महाकाल की सवारियां निकाली जाएंगी। श्रावण मास की प्रथम सवारी 14 जुलाई को निकाली जाएगी, जबकि भाद्रपद मास में अंतिम राजसी (शाही) सवारी 18 अगस्त को निकाली जाएगी। श्रावण मास में चार और भाद्रपद मास में दो सवारियां निकाली जाएंगी। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर रोशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में पुलिस कंट्रोल रूम माधव नगर के प्रथम तल के सभाकक्ष में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में श्रावण-भाद्रपद मास की सवारियों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। श्रद्धालुओं को दर्शन की बेहतर और सुव्यवस्थित व्यवस्था मिले, इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि बैरिकेडिंग की व्यवस्था सुदृढ़ हो। बैठक में एडीएम एवं प्रशासक प्रथम कौशिक द्वारा पावरपॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से तैयारियों की जानकारी दी गई। भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारी, मंदिर के सभामंडप में विधिवत पूजन-अर्चन के पश्चात महाकाल लोक, गुदरी चौक, बख्शी बाजार, कहारवाड़ी होकर रामघाट (शिप्रा तट) पहुंचेगी। यहां पूजन के बाद सवारी रामानुजकोट, मोढ़ की धर्मशाला, कार्तिक चौक, खाती समाज मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, ढाबा रोड, टंकी चौक, छत्री चौक, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार, गुदरी बाजार होते हुए वापस मंदिर पहुंचेगी। राजसी सवारी 18 अगस्त को इसी मार्ग के अतिरिक्त मिर्जा नईम बेग, तेलीवाड़ा चौक, कंठाल, सतीगेट, सराफा होकर निकलेगी। श्रावण-भाद्रपद मास (11 जुलाई से 18 अगस्त) तक भस्म आरती के लिए मंदिर के पट सुबह 3 बजे खुलेंगे। प्रत्येक सोमवार को 2:30 बजे। आरती का समय सामान्य दिनों में सुबह 3 से 5 बजे और सोमवार को 2:30 से 4:30 बजे तक रहेगा।

**सामान्य दर्शन की व्यवस्था**- श्रद्धालु त्रिवेणी संग्रहालय से नंदी द्वार, महाकाल लोक, मानसरोवर भवन, फेसिलिटी सेंटर-1, टनल मंदिर परिसर, कार्तिक मंडपम, गणेश मंडपम होते हुए भगवान महाकाल के दर्शन करेंगे। जल अर्पण की व्यवस्था सभा मंडप व कार्तिकेय मंडपम में जल पात्रों के माध्यम से होगी। गेट नंबर 1 और 4 से शीघ्र दर्शन 250 रुपये की सुविधा रहेगी।

### तेंदूखेड़ा एसडीएम ने जारी किया आदेश

## झील और झरनों के 50 मीटर दूर से ही निहार सकेंगे लोग

**संवाददाता ● दमोह**



बारिश का मौसम शुरू होते ही दमोह जिले में जंगली झरने और झील के दीदार के लिए लोग पर्यटन स्थलों पर पहुंचने लगे हैं। जिसे देखते हुए तेंदूखेड़ा एसडीएम ने एक आदेश जारी किया है, जिसके तहत 50 मीटर दूर से झरनों के दीदार हो सकेंगे। पूर्व वर्षों में हुई घटनाओं को ध्यान में रखते हुए तेंदूखेड़ा एसडीएम सौरभ गंधर्व ने यह आदेश जारी किया है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई भी की जाएगी। तेंदूखेड़ा ब्लॉक से लगे जंगली और ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक झीलें और झरने हैं, जिनमें बारिश के दिनों में पर्याप्त पानी भर जाता है। इनकी सुंदरता देखने लायक होती है। लोग यह नजारा देखने दूर-दूर से बड़ी संख्या में आते हैं। लेकिन, पूर्व में हुई घटनाओं में कई लोगों की जान भी जा चुकी है। ऐसे में इन क्षेत्रों में घूमने और खतरनाक जगहों पर जाने के लिए प्रशासन ने अंकुश लगाया है। तेंदूखेड़ा एसडीएम ने एक पत्र भी जारी किया है, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि ऐसी किसी भी जगह पर जाने की अनुमति नहीं है, जहां पूर्व में घटनाएं या हादसे हो चुके हैं। उपखंड मजिस्ट्रेट तेंदूखेड़ा द्वारा जारी पत्र में झरनों व जलस्थलों के 50 मीटर के भीतर प्रवेश को प्रतिबंधित किया गया है। पत्र में लिखा गया है कि ये नियम उन स्थानों पर लागू होंगे जो दुर्घटना संभावित हैं। इन स्थलों पर लोग न तो प्रवेश करें, न ही करीब जाकर सेल्फी लें और न ही वीडियोग्राफी करें। क्योंकि पूर्व में कई घटनाएं सेल्फी और वीडियोग्राफी के दौरान हुई हैं। ऐसे स्थानों पर स्नान करना और बैठना भी प्रतिबंधित किया गया है। ऐसे स्थानों से 50 मीटर दूर रहना अनिवार्य होगा। वाहन लेकर जाना भी प्रतिबंधित किया गया है। तेंदूखेड़ा एसडीएम सौरभ गंधर्व ने बताया कि बारिश के दिनों में झील, झरने या जलस्थलों पर लोग बड़ी संख्या में जाते हैं। पूर्व वर्षों में यहां घटनाएं हुई हैं। भविष्य में ऐसे हादसों पर अंकुश लगाने के लिए यह पत्र जारी किया गया है। जो उल्लंघन करेगा, उस पर कार्रवाई की जाएगी।

**आदेश**

### वंदे भारत के खाने में निकला एल्युमीनियम का तार

## प्रीमियम ट्रेन, घटिया खाना, यात्रियों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़

**संवाददाता ● भोपाल**

वंदे भारत ट्रेन में एक यात्री के खाने में एल्यूमीनियम का तार मिला है। यात्री ने इसकी शिकायत कोच में मौजूद स्टाफ से की। वंदे भारत ट्रेन (20172) आगरा से रानी कमलापति स्टेशन के लिए आ रही थी। ट्रेन में मौजूद मैनेजर से शिकायत करने पर उसने बात को टाल दिया। दरअसल, भोपाल के अरेरा कॉलोनी में रहने वाले आकाश सिकरवार को आगरा से भोपाल आ रहे थे। वे रानी कमलापति वंदे भारत एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 20172) में कोच नंबर C7 की सीट नंबर 48 पर बैठे हुए। रेलवे की तरफ से वंदे भारत ट्रेन में जो खाना दिया जाता है वह आकाश को 27 जून 2025 को शाम 7 बजकर 50 मिनट पर दिया गया। जब उन्होंने खाने के लिए पनीर का बॉक्स खोला तो उसमें एल्यूमीनियम का तार निकला।

**शिकायत**

आकाश ने तुरंत इस गंभीर लापरवाही की शिकायत कोच में मौजूद मैनेजर विजय सिंह से की। जिस पर मैनेजर ने बात को टालते हुए कहा हो जाता है कभी-कभी ऐसा। उसने कहा कि हमने इसकी जानकारी अपने सीनियर को दे दी है। मामले को लेकर मीडिया ने मैनेजर से बात करने की कोशिश तो उससे संपर्क नहीं हो सका। यात्रियों के खाने में इस तरह की चीजें निकलना रेलवे के खानपान सेवा की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। इसके पहले भी इसी ट्रेन में एक यात्री के खाने में कीड़ा निकलने का मामला सामने आया था।



### उच्च क्वालिटी का खाना देने वाला दावा फेल !

ट्रेन संख्या 20172 रानी कमलापति वंदे भारत एक्सप्रेस हजरत निजामुद्दीन से दोपहर 2:40 बजे रवाना होती है और रात 10:16 बजे रानी कमलापति पहुंचती है। यात्रियों से इस ट्रेन में यात्रा के लिए भारी भरकम सुविधा शुल्क वसूला जाता है, जिसके बदले में उन्हें उच्च गुणवत्ता वाली सेवा और सुखद यात्रा अनुभव की उम्मीद होती है। ऐसे में भोजन में एल्यूमीनियम का तार मिलना, न केवल रेलवे द्वारा प्रदान की जा रही खानपान सेवाओं में घोर लापरवाही को दर्शाता है, बल्कि यात्रियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के साथ खिलवाड़ भी है।

दैनिक आदित्य भारत
!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, रविवार, 29 जून, 2025
www.adityabharat.com



# तमन्ना के एक्स बॉयफ्रेंड से भिड़ा पेंच?

## हसीना ने खुद बताई



बॉलीवुड एक्ट्रेस फातिमा सना शेख इन दिनों दो वजहों से चर्चा में हैं, एक तरफ जहां उनके पास बैक-टू-बैक फिल्मों की लाइन लगी है, वहीं दूसरी ओर उनकी निजी जिंदगी भी खूब सुर्खियां बटोर रही है। जुलाई में फातिमा की दो फिल्में रिलीज होने जा रही हैं। पहली है 'आप जैसा कोई', जो ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आएगी और इसमें उनके साथ नजर आएंगे आर माधवन। दूसरी फिल्म 'मेट्रो... इन दिनों' सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जो एक थिएट्रिकल ड्रामा है। दोनों ही फिल्मों में वो लीड रोल निभाती नजर आने वाली हैं। हाल ही में खबरें उड़ी थीं कि फातिमा अपने आगामी प्रोजेक्ट 'गुस्ताख इश्क' के को-स्टार विजय वर्मा को डेट कर रही हैं। ये वही विजय वर्मा हैं, जिनका पहले अभिनेत्री तमन्ना भाटिया के साथ रिलेशनशिप रहा है। माना जा रहा था कि विजय और तमन्ना के ब्रेकअप के बाद अब वो फातिमा के करीब आ गए हैं, लेकिन फातिमा ने इन अफवाहों को एक मजेदार ट्विस्ट के साथ खारिज कर दिया। 'आप जैसा कोई' के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में जब उनसे इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने साफ कहा, 'मैं सिंगल हूं!' इतना ही नहीं, जब उनसे रिश्तों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'एक सही रिश्ता वो होता है जहां दो लोग एक-दूसरे का सम्मान करते हैं, विचारों को सुनते हैं और बिना खुद को खोए एक-दूसरे के साथ आगे बढ़ते हैं।' फिर उन्होंने हंसते हुए कहा, 'अच्छे लड़के हैं ही नहीं यार। फिल्मों में होते हैं, असल जिंदगी में नहीं मिलते।' 'गुस्ताख इश्क' एक रोमांटिक ड्रामा है, जिसका निर्देशन विभु पुरी ने किया है। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह और शारिब हाशमी भी अहम भूमिकाओं में नज़र आएंगे। ये फिल्म डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के प्रोडक्शन हाउस स्टेज 5 प्रोडक्शन की तीसरी पेशकश है, जिसे उन्होंने सितंबर 2023 में लॉन्च किया था। विजय वर्मा का नाम पहले अभिनेत्री तमन्ना भाटिया के साथ जुड़ चुका है।

# एक गाने से रातोंरात बनीं स्टार, फिर भी काम से बनाई दूरी

## 15 साल तक इस बीमारी से जूझीं शेफाली



बिग बॉस सीजन 13 की एक्स कंटेस्टेंट और फेमस एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला के अचानक निधन से पूरी इंडस्ट्री शोक में है। बताया जा रहा है कि 42 साल की एक्ट्रेस को बीती रात को कार्डियक अरेस्ट हुआ और उन्हें अस्पताल ले जाया गया लेकिन उन्होंने पहले ही दम तोड़ दिया था। शेफाली जरीवाला बॉलीवुड और टेलीविजन इंडस्ट्री में काम कर चुकी थीं। उन्होंने मात्र 20 साल की उम्र में म्यूजिक वीडियो से अपना करियर शुरू किया था। उनका पहला गाना था कांटा लगा रिमिक्स था। इस गाने ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया था। उन्हें कांटा लगा गर्ल के नाम से जाना जाने लगा। मगर ऐसा क्या था, जब इतनी सफलता मिलने के बावजूद शेफाली जरीवाला ने काम से दूरी बना ली थी और ज्यादा प्रोजेक्ट्स में काम नहीं किया। इसकी वजह एक बीमारी थी। उन्होंने बताया था कि बीमारी के चलते ही उन्होंने ज्यादा काम नहीं लिया। इसके चलते उनका आत्मविश्वास कम हुआ और वह डिप्रेशन में भी चली ई थीं। शेफाली जरीवाला ने कहा था, '15 साल की उम्र में मुझे मिर्गी का दौरा पड़ा था। मुझे याद है कि उस समय मैं अपनी पढ़ाई में अच्छा करने के लिए बहुत दबाव में थी। तनाव और चिंता से दौरे पड़ सकते हैं। यह आपस में जुड़ा हुआ है, आपको डिप्रेशन के कारण दौरा पड़ सकता है और भी कई वजह हैं।' शेफाली जरीवाला ने आगे बताया था, 'मुझे क्लास, बैकस्टेज, सड़कों पर और कहीं भी दौरे पड़ते, जिससे मेरा आत्म-सम्मान कम हो गया। कांटा लगा करने के बाद लोगों ने मुझसे पूछा कि मैं ज्यादा काम क्यों नहीं करती? अब मैं कह सकती हूं कि मिर्गी के दौरे की वजह से ही मैं ज्यादा काम नहीं कर पाती थी। मुझे नहीं पता था कि मुझे अगला दौरा कब पड़ेगा। यह 15 साल तक चलता रहा।' शेफाली जरीवाला कांटा लगा सॉन्ग से पॉपुलर होने के बाद सलमान खान, अक्षय कुमार और प्रियंका चोपड़ा स्टारर फिल्म मुझसे शादी करोगी में भी छोटी सी भूमिका में नजर आई थीं। उनकी प्रेजेंस ने फिल्म में दर्शकों का दिल जीत लिया था।

# काजोल ने अजय संग अपनी हैप्पी मैरिड लाइफ का बताया सीक्रेट

## कहा- 'कुछ चीजें भूलना बहुत...'



बॉलीवुड एक्ट्रेस काजोल इन दिनों अपनी अपकमिंग मूवी 'मां' को लेकर खबरों में बनी हुई हैं। काजोल की ये फिल्म 27 जून, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। यह फिल्म हिंदी, तमिल, तेलुगु और बंगाली में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ऐसे में काजोल अपनी फिल्म 'मां' के प्रमोशन में जोरों शोरों से जुटी हैं। इसी बीच एक इंटरव्यू में अपनी हैप्पी मैरिड लाइफ का सीक्रेट शेयर किया है, जो उनके रिश्ते को मजबूत बनाता है। काजोल ने हाल ही कहा, 'ओह, मैं अक्सर कहती हूं कि खुशहाल शादी का राज आंशिक बहरापन और चुनिंदा भूलने की बीमारी है। कुछ चीजें भूलना बहुत जरूरी है और कुछ चीजें न सुनना बहुत जरूरी है।' काजोल ने इसी इंटरव्यू में अजय की पाक कला की प्रतिभा के बारे में भी बताया। अभिनेत्री ने कहा कि अजय उनके द्वारा अनुभव किए गए सबसे अच्छे शेफ में से एक हैं। काजोल बोलीं, 'उनकी खासियत है, वो किसी भी चीज को एक बार टेस्ट करते हैं, उन्हें पता होगा कि इसे बिल्कुल वैसा ही कैसे बनाना है। वह आपको अपनी रेसिपी के लिए अपनी सीक्रेट सामग्री कभी नहीं बताएंगे।' काजोल और अजय की शादी को दो दशक से ज्यादा हो चुके हैं। दोनों की पहली मुलाकात 1995 में उनकी फिल्म हलचल के सेट पर हुई थी। उन्होंने लगभग 4 साल तक डेट किया और 1999 में शादी के बंधन में बंध गए। दोनों के दो बच्चे न्यासा और युग है। काजोल और अजय ने प्यार तो होना ही था, इश्क, दिल क्या करे, राजू चाचा और यू, मी और हम जैसी फिल्मों में एक साथ काम किया।

# 'कन्नप्पा' की आंधी में चुपके से धनुष ने बॉक्स ऑफिस पर ला दी सुनामी



साउथ और बॉलीवुड में अपने अभिनय के दम पर पहचान बना चुके धनुष एक बार फिर अपनी फिल्म से बड़े पर्दे पर आग लगा रहे हैं। वह इस बार किसी एक्शन हीरो नहीं, बल्कि एक भिखारी की भूमिका से दर्शकों का दिल जीतने में कामयाब हुए हैं। उनकी लेटेस्ट मूवी कुबेरा पिछले हफ्ते ही सिनेमाघरों में रिलीज हुई और इसने एक हफ्ते के अंदर ही शॉकिंग कलेक्शन कर लिया है। धनुष स्टारर कुबेरा 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस दिन कुबेरा की भिड़ंत एक-दो नहीं बल्कि पांच-पांच फिल्मों से हुई। सबसे बड़ा क्लैश आमिर खान स्टारर सितारे जमीन पर के साथ हुआ। भले ही कमाई के मामले में आमिर की फिल्म आगे चल रही हो, लेकिन धनुष स्टारर क्राइम थ्रिलर भी कम पैसा नहीं छाप रही है। कुबेरा एक हफ्ते में ही 100 करोड़ के क्लब में शामिल हो गई है। यह फिल्म जिस दिन सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, उस दिन इसने पहले दिन 14.75 करोड़ रुपये से ओपनिंग की थी। शनिवार और रविवार को कमाई में इतना जबरदस्त उछाल आया था कि इसने पहले वीकेंड में ही करीब 48 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया था। अब फिल्म को एक हफ्ते हो गए हैं और सिर्फ भारत ही नहीं विदेशों में भी इसका जलवा दिख रहा है।

# गांगुली की बायोपिक में लीड रोल निभाएगा ये एक्टर, बोला- काफी नर्वस हूं



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज क्रिकेटर सौरव गांगुली की जिंदगी पर बायोपिक बनने जा रही है। उनपर बन रही फिल्म में बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव लीड रोल निभाते नजर आएंगे। गौरतलब है कि सौरव गांगुली सिर्फ भारतीय क्रिक्रेट ही नहीं बल्कि वर्ल्ड क्रिकेट में महान खिलाड़ी के तौर पर जाने जाते हैं। अब उनकी लाइफ पर फिल्म बनने जा रही है। खुद एक्टर राजकुमार राव ने भी इस खबर पर मुहर लगा दी है। बता दें कि एक्टर राजकुमार राव ने महीनों से चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए ऑफिशियल पुष्टि कर दी है कि उनकी अगली फिल्म बायोपिक होगी और वो पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान सौरव गांगुली की भूमिका निभाएंगे। हाल ही में एक टीवी इंटरव्यू में राजकुमार ने कहा, 'अब जब दादा (सौरव) ने यह कह दिया है, तो मुझे भी इसे आधिकारिक रूप से बता देना चाहिए - हां, मैं उनकी बायोपिक में उनका किरदार निभा रहा हूं।' राजकुमार राव ने कहा कि वो इस रोल को लेकर काफी ज्यादा नर्वस हैं, लेकिन इसके साथ ही वो नए चैलेंज के लिए काफी एक्साइटेड भी हैं। एक्टर ने कहा- ये एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, लेकिन इसमें काफी मजा आने वाला है। ये जानकारी भी सामने आई है कि राव इस रोल के लिए बड़े पैमाने पर तैयारी कर रहे हैं। गांगुली के तौर-तरीकों को सीखने के अलावा वो बंगाली भाषा भी सीख रहे हैं। वहीं सौरव गांगुली ने फिल्म के प्रोडक्शन टाइमलाइन पर भी अपडेट दिया है। उन्होंने PTI से कहा, 'यह अच्छी चल रही है। यह अगले दिसंबर में रिलीज होगी। शूटिंग जनवरी में शुरू होगी। प्री-प्रोडक्शन, स्टोरी और स्क्रिप्टिंग में बहुत समय लगता है। शूटिंग में इतना समय नहीं लगता, यह लगभग तीन महीने का है और फिर पोस्ट-प्रोडक्शन में समय लगता है। वहीं अपनी बायोपिक में राजकुमार राव को लेकर सौरव गांगुली ने कहा कि 'मेरे ख्याल से सही व्यक्ति इसे कर रहा है। मैं उनकी हर तरह से मदद करूंगा।' मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सौरव गांगुली पर बन रही फिल्म के लिए राजकुमार राव की कास्टिंग पिछले साल रिलीज हुई 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में उनके दमकार अदाकारी के बाद हुई है।

# मलाइका और अर्जुन कपूर का फिर हुआ पैचअप?

## ब्रेकअप के 1 साल बाद 'मुन्नी' ने लुटाया प्यार



बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा एक्टिंग के अलावा, फिटनेस को लेकर चर्चा में रहती हैं। पैपराजी के कैमरे हमेशा उनकी खूबसूरत लुक को कैद करने की तलाश में रहते हैं। एक्ट्रेस की सोशल मीडिया पोस्ट भी वायरल हो जाती है। मलाइका नाम उन चुनिंदा सितारों की लिस्ट में शामिल किया जाता है, जिनकी फैन फॉलोइंग काफी तगड़ी है। अभिनेत्री ने अब एक स्पेशल व्यक्ति के लिए पोस्ट किया है, जो उनके ब्वॉयफ्रेंड रह चुके हैं। बी टाउन के हैंडसम हंक अर्जुन कपूर और एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा का रिश्ता किसी से छिपा नहीं है। दोनों ने एक-दूसरे को डेट किया। कुछ महीनें पहले ही दोनों का ब्रेकअप हो गया। अर्जुन भी कई फिल्म प्रमोशन इवेंट में इशारों-इशारों में अपने ब्रेकअप का जिक्र कर चुके हैं। वहीं, अब दोनों को साथ भी नहीं देखा जाता है। खैर, अब मलाइका की लेटेस्ट पोस्ट से अंदाजा लग गया है कि दोनों के बीच दोस्ती का रिश्ता शायद अभी भी है। बॉलीवुड एक्टर अर्जुन कपूर ने अपना बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे हैं। इस खास दिन के मौके पर हर कोई उन्हें सोशल मीडिया पर जन्मदिन की बधाई दे रहा है। हालांकि, मलाइका की खास पोस्ट ने सभी का ध्यान खींच लिया। एक्ट्रेस ने एक्स ब्वॉयफ्रेंड को खास अंदाज में बर्थडे विश किया। मलाइका अरोड़ा ने अर्जुन कपूर की एक क्लिप शेयर कर बर्थडे के दिन उन्हें स्पेशल फील कराया। इस वीडियो के साथ एक्ट्रेस ने लिखा, 'हैप्पी बर्थडे।' इसके साथ ही, अर्जुन को टैग करते हुए चीयर्स और व्हाइट हार्ट इमोजी लगाई। एक्ट्रेस के फैंस उनकी इंस्टाग्राम स्टोरी को देखकर थोड़े हैरान भी हो गए हैं। बता दें कि मलाइका ही नहीं, करीना कपूर ने भी एक प्यारी सी स्टोरी के साथ अर्जुन को बर्थडे विश किया है। अर्जुन और मलाइका का नाम बी टाउन के फेवरेट कपल की लिस्ट में शामिल किया जाता था। दोनों साल 2024 तक एक-दूसरे को डेट कर रहे थे, लेकिन फिर उन्होंने अलग होने का फैसला लिया।

# हार्दिक पांड्या की गर्लफ्रेंड थीं ईशा गुप्ता?



**एक्सट्रेस ने डेटिंग रूमर्स पर खुद किया खुलासा कहा- हम मिले और...**

बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा गुप्ता ने भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पांड्या के साथ रिलेशनशिप की खबरों पर चुप्पी तोड़ी है. ईशा ने खुलासा करके बताया कि वो कुछ महीनों तक हार्दिक के साथ संबंध में थीं, लेकिन उन्होंने कभी सीरियस रिलेशनशिप की तरफ हाथ नहीं बढ़ाया. आपको बता दें कि हार्दिक ने पिछले साल नताशा स्टेनकोविक से तलाक लिया था. भारतीय यूट्यूबर और रेडियो होस्ट सिद्धार्थ कनन को दिए इंटरव्यू में ईशा गुप्ता ने खुलासा किया, 'हां, हम दोनों कुछ समय तक एक-दूसरे से बात करते रहे. मुझे नहीं लगता कि हम डेटिंग कर रहे थे, लेकिन यह सच है कि हम कुछ महीनों तक बात करते रहे थे.' ईशा गुप्ता ने आगे कहा, 'हम ऐसे पड़ाव पर थे, जहां से रिलेशनशिप शुरू हो भी सकता था और नहीं भी. हम डेटिंग स्टेज तक पहुंच पाते, उससे पहले ही सब खत्म हो गया था. इसलिए ये नहीं कहा जा सकता कि हम एक-दूसरे को डेट कर रहे थे. हम एक या दो बार मिले होंगे. जैसा कि मैंने कहा, हम एक-दो महीने साथ रहे, उसके बाद सब खत्म हो गया.' ईशा गुप्ता ने बताया कि उनके रिश्ते का समापन बिना किसी जटिलता के हुआ था. अलग होने के बावजूद भी उनके रिलेशन में कोई खटास नहीं आई थी. साल 2019 में कॉफी विद करन शो में हार्दिक पांड्या के कमेंट्स पर खूब विवाद हुआ था. ईशा गुप्ता ने बताया कि उस शो से पहले ही उनका और हार्दिक का रिलेशन खत्म हो चुका था. हार्दिक पांड्या ने मार्च 2025 के बाद भारतीय टीम के लिए कोई क्रिकेट मैच नहीं खेला है. उन्होंने 2018 के बाद कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है, लेकिन वनडे और टी20 क्रिकेट में सक्रिय रहे हैं. उन्होंने अब तक 94 वनडे मैचों में 1,904 रन बनाने के साथ-साथ 91 विकेट भी लिए हैं. दूसरी ओर 114 टी20 मैचों के करियर में 1,812 रन बनाने के अलावा 94 विकेट लिए हैं ईशा से फिर पूछा गया कि उनकी लड़ाई हुई क्यों थी तो उन्होंने कहा, 'कुछ लोग बात करने से पहले सोचते नहीं हैं बस फ्रस्ट्रेटेड होते हैं। मैं उस बारे में बात नहीं करना चाहती हूं क्योंकि मैं उस इंसिडेंट से मूव ऑन कर गई हूं।' आखिर में ईशा ने क्लीयर किया, 'मैंने कभी मीटू में साजिद को लेकर कमेंट नहीं किया। यहां तक की जब उन पर आरोप लगे तब मेरा भी नाम किसी ने लिख दिया था। मैंने फिर कहा कि नहीं देखिए, जहां जिसने गलती की है वो बोले। मैं ओपनली यह बोल सकती हूं कि उन्होंने मुझे गाली दी'

### एक और शतक लगाते ही वे हासिल कर लेंगे यह उपलब्धि

# ब्रैडमैन-द्रविड़-लारा की सूची में शामिल हो सकते हैं पंत



एजेंसी | बर्मिंघम

\भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत सर डॉन ब्रैडमैन, राहुल द्रविड़, ब्रायन लारा, चार्ल्स जॉर्ज, वारन बार्डस्ले और डेरिल मिचेल की एलीट सूची में शामिल होने के करीब हैं। पंत ने लीड्स टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाया था और वह एक ही टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले दूसरे विकेटकीपर बल्लेबाज बने थे। यह इंग्लैंड में पंत का दूसरा टेस्ट शतक भी था। इससे पहले उन्होंने 2022 में 146 रन की पारी खेली थी।

### इंग्लैंड में बेहतर है पंत का रिकॉर्ड

पंत का इंग्लैंड में अच्छा रिकॉर्ड है और उन्होंने 19 पारियों में 42.52 के औसत से 808 रन बनाए हैं जिसमें चार शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने लीड्स टेस्ट मैच की दोनों पारियों में महत्वपूर्ण साझेदारियां निभाई थी। पंत ने पहले कप्तान शुभमन गिल और फिर केएल राहुल के साथ पार्टनरशिप की थी। उन्होंने पहली पारी में चौथे विकेट के लिए गिल के साथ 209 रन जोड़े थे और 178 गेंदों पर 12 चौकों और छह छक्कों की मदद से 134 रन बनाए थे।

### दो जुलाई से खेला जाएगा दूसरा टेस्ट

भारत और इंग्लैंड के बीच दो जुलाई से दूसरा टेस्ट मैच होना है। पंत अगर इस मैच में भी शतक लगाने में सफल रहे तो वह इंग्लैंड में लगातार तीन शतक लगाने वाले मेहमान टीम के सातवें बल्लेबाज बन जाएंगे। भारत के लिए सिर्फ राहुल द्रविड़ ऐसा कर चुके हैं। उन्होंने 2002 में इंग्लैंड में लगातार तीन शतक जड़े थे। डेरिल मिचेल ने 2022 में ऐसा किया था और तब से अभी तक कोई बल्लेबाज इंग्लैंड में लगातार तीन शतक नहीं लगा सका है।

अपनी पारी के दौरान पंत सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज बने थे और उन्होंने महेंद्र सिंह को इस मामले में पीछे छोड़ दिया था। दूसरी पारी में पंत ने चौथे विकेट के लिए केएल राहुल के साथ 195 रनों की साझेदारी की और 140 गेंदों पर 15 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 118 रन बनाए थे। हालांकि, पंत की शानदार पारियों के बावजूद भारत पहला टेस्ट मैच नहीं जीत सका था और उसे पांच विकेट से हार मिली थी। भारतीय टीम पांच मैचों की सीरीज में फिलहाल 0-1 से पीछे चल रही है।

## रियल मेड्रिड ने साल्ज़बर्ग को 3-0 गोल से हराया, राउंड 16 में पहुंचा



फीफा क्लब वर्ल्ड कप में रियल मेड्रिड ने साल्ज़बर्ग को 3-0 गोल से हरा दिया। रियल मेड्रिड की ओर से विनिशियस जूनियर ने एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की। इस जीत के रियल मेड्रिड अपने ग्रुप एच में पहली पायदान पर पहुंच गया है।

### कहा यह फैसला टीम हित में ज़रूरी था

## श्रीलंका से हार के बाद शांतो ने छोड़ी टेस्ट की कप्तानी

एजेंसी | नई दिल्ली

बांग्लादेश के टेस्ट कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने कप्तानी छोड़ने का फैसला किया है। उन्होंने शनिवार को श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज हारने के बाद यह फैसला लिया। शांतो ने कहा, मैं टेस्ट कप्तानी छोड़ रहा हूं। बांग्लादेश की टीम इन दिनों श्रीलंका दौरे पर है। यहां दोनों टीमों के बीच हाल ही में दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली गई, जिसका पहला मुकाबला श्रीलंका ड्रॉ पर समाप्त हुआ जबकि दूसरा मैच श्रीलंका ने पारी और 78 रन से जीत लिया।

शनिवार को बांग्लादेश की 1-0 से टेस्ट सीरीज में हार के बाद शांतो ने कहा- मुझे एक घोषणा करनी है। मैं बांग्लादेश टेस्ट टीम की कप्तानी से हट रहा हूं। मैं इस प्रारूप में कप्तान के रूप में बने रहना नहीं चाहता, और मैं सभी को एक स्पष्ट संदेश देना चाहता हूं: यह कोई व्यक्तिगत मामला नहीं है। यह पूरी तरह से टीम की बेहतरी के लिए है और मेरा मानना है कि इससे टीम को मदद मिलेगी। अगर क्रिकेट बोर्ड को लगता है कि वे तीन प्रारूपों में तीन कप्तानों के साथ बने रहेंगे, तो यह उनका निर्णय होगा।' बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने शांतो को तीनों प्रारूपों में कप्तान नियुक्त किया था। हालांकि, साल की शुरुआत में उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम की कप्तानी छोड़ दी थी। उनकी जगह लिट्टन दास को टी20 टीम का कप्तान बनाया गया। अब शांतो ने टेस्ट टीम के नेतृत्व की जिम्मेदारी से भी इस्तीफा दे दिया है। वनडे टीम की कप्तानी पहले ही उनसे छीन ली गई थी। वनडे टीम की अगुआई का जिम्मा मेहदी हसन मिराज के कंधों पर है। शांतो ने आगे कहा- 'मैं बस यही उम्मीद करता हूं कि लोग इसे व्यक्तिगत मुद्दा न समझें या यह न सोचें कि मैंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि मुझे वनडे कप्तानी न मिलने पर बुरा लगा। मैं एक बार फिर स्पष्ट कर देना चाहता हूं यह टीम की बेहतरी के लिए है। इसमें कुछ भी व्यक्तिगत नहीं है। मैंने कुछ दिन पहले ही क्रिकेट संचालन विभाग को इसकी जानकारी दे दी है।' शांतो के नेतृत्व में बांग्लादेश ने 14 में से चार टेस्ट मुकाबले जीते। उन्होंने नवंबर 2023 में सिलहट में न्यूजीलैंड को हराकर शुरुआत की और अगस्त 2024 में पाकिस्तान पर सीरीज जीत के साथ शीर्ष पर पहुंचे। श्रीलंका में शांतो टेस्ट मैच में दो शतक लगाने वाले पहले बांग्लादेशी कप्तान बने। टीम की अगुआई के दौरान उनका औसत 36.24 रहा।

### फुटबॉल के खिलाड़ी का सपना

## क्या यूरोप की इस टूर्नामेंट कभी खेले पाएंगे मेसी?



एजेंसी | नई दिल्ली

लियोनेल मेसी फुटबॉल इतिहास के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में गिने जाते हैं। 38 साल के मेसी ने अपने करियर की शुरुआत 2004 में बार्सिलोना के साथ की। 2021 में वह पीएसजी चले गए। अभी मेसी इंटर मियामी का हिस्सा हैं। वह अर्जेंटीना के लिए इंटरनेशनल फुटबॉल में खेलते हैं। अपने करियर में उन्होंने 46 ट्रॉफी जीती हैं। इसमें फीफा वर्ल्ड कप के अलावा कोपा अमेरिका, लीग वन, ला लिगा, कोपा डेल रे, स्पेनिश सुपर कप, चैंपियंस लीग, सुपर कप और क्लब वर्ल्ड कप शामिल हैं लेकिन मेसी यूरोपा लीग में कभी खेल नहीं पाए हैं।

चैंपियंस लीग के बाद यूरोपा लीग यूरोप का दूसरा प्रमुख फुटबॉल टूर्नामेंट है। इसमें लियोनेल मेसी अपने करियर में कभी नहीं खेल पाए। ला लिगा टेबल में टॉप-4 में रहने वाली टीम चैंपियंस लीग खेलती है और 5वें के साथ छठे नंबर की टीम यूरोपा लीग में पहुंचती है। लियोनेल मेसी के खेलने के बाद बार्सिलोना कभी भी इन दोनों स्थान पर नहीं रही। इसके साथ ही चैंपियन लीग के प्लेऑफ में जगह बनाने से चूकने वाली कुछ टीमों को रैंकिंग के हिसाब से यूरोपा लीग में जगह मिलती है।लियोनेल मेसी के रहते बार्सिलोना ने हमेशा कमाल का प्रदर्शन किया और इसी वजह से यूरोपा लीग नहीं खेल पाई। मेसी के क्लब में आने से पहले 2000-01 और 2003-04 सीजन में टीम ने यूरोपा लीग में खेला था। मेसी से जाने के बाद 2021-22 और 2022-23 सीजन में टीम यूरोपा लीग खेली। बार्सिलोना की टीम अभी तक एक बार भी यूरोपा लीग नहीं जीत पाई है।

### यूरोपा लीग की सबसे सफल टीमें

स्पेनिश क्लब सेविला यूरोपा लीग की सबसे सफल क्लब है। टीम ने अभी तक 7 बार फाइनल खेला है और हर बार चैंपियन बनी है। इटली की इंटर मिलान ने के साथ ही टॉटेनहम हॉटस्पर, लिवरपूल, युवेंटस और एथलेटिको मैड्रिड ने 3-3 बार इस टूर्नामेंट को अपने नाम किया। रियल मैड्रिड भी दो बार यूरोपा लीग के खिताब को अपने नाम कर चुकी है।

### लिटिल मास्टर की पारियों के वीडियो देखकर ली प्रेरणा

## सचिन की मदद से शैफाली की टीम इंडिया में हुई वापसी

एजेंसी | नई दिल्ली



भारतीय महिला क्रिकेट टीम की युवा ओपनर बल्लेबाज शेफाली वर्मा 7 महीने में वापसी कर रही हैं। शेफाली इंग्लैंड महिला टीम के खिलाफ पांच टी20 मैचों की सीरीज में मैदान पर उतरने के लिए तैयार हैं। बीसीसीआई द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में शेफाली ने कहा, 'जब भी आप वापसी करते हैं तो आपको मुश्किल परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन जब आप टीम के माहौल में वापस आते हैं तो यह एक बहुत अच्छा एहसास होता है। मैं बहुत खुश हूं कि मैं वापसी कर पाई।'पिछली बार उन्होंने टीम इंडिया के लिए पिछले साल के टी20 विश्व कप के दौरान इंटरनेशनल मैच खेला था। तब से शेफाली वर्मा सचिन तेंदुलकर के वीडियो देखकर प्रेरित रही हैं। उन्होंने खुलासा किया, 'पहले मैं हर गेंद पर चौका या छक्का लगाने के बारे में सोचती थी, लेकिन फिर मुझे एहसास हुआ कि अच्छी गेंद का सम्मान करना जरूरी है। मैंने सचिन सर की टेस्ट पारियां देखीं और उससे मुझे बहुत प्रेरणा मिली।'

शेफाली वर्मा ने कहा, वीडियो देखते हुए मुझे मेरे बचपन के दिनों की याद दिला दी जब मैं उनका एक भी मैच नहीं छोड़ती थी। मैंने लगभग हर मैच दोबारा देखा। उसे देखकर, मैंने सीखा कि एक अच्छी पारी बनाने का एकमात्र तरीका अच्छी गेंदों का सम्मान करना है।' बता दें कि पिछले दिसंबर में शेफाली को ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया था। यह वह समय था जब उनके पिता को दिल का दौरा पड़ा था।

इस घटना को लेकर शेफाली ने कहा, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के लिए मेरे चयन से ठीक 10 दिन पहले, मेरे पिताजी को दिल का दौरा पड़ा। वह मेरे लिए बहुत मुश्किल स्थिति थी और उसके बाद मेरा टीम में चयन नहीं हुआ। मुझे समझ नहीं आ रहा था कि क्या हो रहा था। उन्होंने कहा, 'मैंने 20-25 दिनों तक अपनी फिटनेस पर काम किया। मैंने 20-25 दिनों के बाद बल्ला उठाया और मुझे बहुत अच्छा लगा। इसने मुझे एक अलग तरह की ऊर्जा, एक अलग एहसास दिया। समय आपको बहुत कुछ सिखाता है। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ दूंगी और बाकी भाग्य पर छोड़ दूंगी।'

## दूसरे टेस्ट के लिए टीम इंडिया में हो सकते हैं 3 बड़े बदलाव, बुमराह समेत इन खिलाड़ियों का होगा पत्ता साफ!

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में कुछ खिलाड़ियों ने काफी निराश किया। जिसके बाद से टीम इंडिया में 3 बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। जसप्रीत बुमराह के वर्कलोड को देखते हुए भारतीय टीम उन्हें दूसरे मैच में आराम दे सकती है। दूसरा टेस्ट 2 जुलाई से खेला जाएगा।

जसप्रीत बुमराहः बुमराह ने पहले मैच में शानदार गेंदबाजी की थी। बुमराह ने इस मैच में 44 ओवर डाल दिए थे। उन्होंने पहली पारी में पांच विकेट झटके थे। वो भारत के सबसे सफल गेंदबाज थे। वर्कलोड को देखते हुए उन्हें दूसरे टेस्ट में आराम दे सकती है.।

2. शार्दुल ठाकुर : टीम इंडिया के ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर टीम से बाहर किया जा सकता है. शार्दुल ने पहले मैच में अपने प्रदर्शन से काफी निराश किया। शार्दुल के बल्ले से दो पारियों में सिर्फ 5 रन निकले वहीं गेंदबाजी में भी वो कुछ खास नहीं कर सके। शार्दुल ने मैच में सिर्फ दो विकेट लिए।

3. रवींद्र जडेजाः भारतीय टीम दिग्गज स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को भी टीम से बाहर कर सकती है। जडेजा ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में ही कुछ खास नहीं किया। जडेजा ने पहली पारी में 11 और दूसरी पारी में नाबाद 25 रन बनाए। गेंदबाजी में वो सिर्फ एक विकेट ही निकाल पाए।

## शादी की घंटियां आदित्य रॉय कपूर के लिए बज रही हैं? या फिर सारा अली के लिए?

एजेंसी | मुंबई



नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीज़न 3 के दूसरे एपिसोड में 'मेट्रो...इन दिनों' की चमकदार स्टारकास्ट एक साथ नजर आई। जब एक ही काउच पर अनुपम खेर, नीना गुप्ता, पंकज त्रिपाठी, कोंकणा सेन शर्मा, सारा अली खान, आदित्य रॉय कपूर, अली फज़ल, फातिमा सना शेख और निर्देशक अनुराग बासु जैसे नाम बैठे हों, तो हंसी की गारंटी तो थी ही, लेकिन जो रोस्ट हुआ, वो पूरी तरह से चौंकाने वाला था!

जब कपिल शर्मा ने मज़ाकिया अंदाज़ में आदित्य रॉय कपूर से उनकी 'डेट्स' (मतलब शूटिंग शेड्यूल, विंक विंक) को लेकर सवाल-जवाब शुरू किए, तो उन्होंने एक मजेदार पैटर्न बताया: 'तो दोस्तों, आपको मज़ेदार बात बताता हूं, आपने ज़रूर नोटिस तो किया होगा — 'फ़ितूर' में आदित्य ने कैटरीना के साथ काम किया, उनकी शादी हो गई। 'सड़क 2' में इन्होंने आलिया के साथ काम किया, आलिया की शादी हो गई। 'नाइट मैनेजर' में शोभिता के साथ काम किया, उसकी भी शादी हो गई — तो सारा... इसके बाद?'

जैसे ही दर्शकों ने सोचा कि आदित्य शर्माएंगे और बात टाल देंगे, तभी सारा अली खान ने दे दिया धमाकेदार जवाबः 'मैंने रणवीर के साथ काम किया, उसकी शादी हो गई। वरुण के साथ काम किया, उसकी शादी हो गई। विक्रांत के साथ काम किया, उसकी शादी हो गई। विक्की के साथ काम किया, उसकी भी शादी हो गई - तो असल में बचना तो आदि को चाहिए!' यह सुनकर कपिल को भी मानना पड़ा - यूएनओ रिवर्स कार्ड, अच्छा खेला गया!'

इतनी तेज़ हाज़िरजवाबी, चौंकाने वाले जवाब और पूरी स्टारकास्ट की जबरदस्त मौजूदगी के साथ, द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीज़न 3 नेटफ्लिक्स पर ऐसा मनोरंजन पेश कर रहा है जिसे मिस करना नामुमकिन है - हर बार एक धमाकेदार रोस्ट के साथ।!

### आईसीसी रैंकिंग में भारत बांग्लादेश से भी नीचे

# ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड जीत के साथ पॉइंट टेबल में शीर्ष पर पहुंची

एजेंसी | नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया की वेस्टइंडीज पर और श्रीलंका की बांग्लादेश पर जीत के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 की अंक तालिका में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। यह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के इस चक्र की शुरुआत ही है, लेकिन फाइनल में पहुंचने के लिए जंग देखने को मिल रही है। ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को वेस्टइंडीज को 159 रन से हराकर 12 अंक हासिल किए, जबकि श्रीलंका ने बांग्लादेश को पारी और 78 रन से हराकर 12 अंक हासिल किए। ऑस्ट्रेलिया का यह इस चक्र में पहला मैच था। इस वजह से टीम के 12 अंक और 100 अंक प्रतिशत हैं। टीम शीर्ष पर पहुंच गई है। वहीं, इंग्लैंड की टीम 100 अंक प्रतिशत और 12 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। इंग्लैंड ने इसी हफ्ते भारत को पांच विकेट से शिकस्त दी थी।

### तालिका में बांग्लादेश से भी नीचे भारत

वहीं, श्रीलंका की टीम ने बांग्लादेश को दूसरे टेस्ट में हराया। दोनों के बीच पहला टेस्ट ड्रॉ रहा था। ड्रॉ से दोनों टीमों को चार-चार अंक मिले थे। ऐसे में जीत के बाद 12 अंक मिलने पर श्रीलंका के कुल 16 अंक हो गए हैं, जबकि उनका अंक प्रतिशत 66.67 है। बांग्लादेश के चार अंक हैं और 16.67 अंक प्रतिशत है। टीम चौथे स्थान पर है। वहीं, भारत ने एक टेस्ट खेला है और उसमें हार मिली। इसलिए न तो भारत के कोई अंक हैं और न ही अंक प्रतिशत। भारतीय टीम फिलहाल पांचवें स्थान पर है। यही हाल वेस्टइंडीज के साथ है। उसने एक टेस्ट खेला है और उसमें हार मिली। विंडीज टीम भी बिना किसी अंक और अंक प्रतिशत के छठे स्थान पर है। न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका ने अभी तक इस चक्र में अपने-अपने अभियान की शुरुआत नहीं की है। पाकिस्तान और विश्व टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका अपने 2025-27 डब्ल्यूटीसी चक्र की शुरुआत अक्तूबर में दो मैचों की टेस्ट सीरीज से करेंगे। वहीं, न्यूजीलैंड की टीम अपने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र की शुरुआत वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज से करेगी। यह सीरीज नवंबर-दिसंबर में खेली जाएगी।भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरुआत 20 जून से हो चुकी है। इस सीरीज का आखिरी मुकाबला 31 जुलाई से खेला जाएगा। इसके बाद टीम इंडिया घर पर वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की सीरीज खेलेगी। भारत और वेस्टइंडीज के बीच पहला टेस्ट दो अक्तूबर से और दूसरा टेस्ट 10 अक्तूबर से खेला जाएगा। फिर भारतीय टीम घर पर ही दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी। इसका पहला मुकाबला 14 नवंबर से और दूसरा मकाबला 22 नवंबर से खेला जाएगा।



### कौन सी टीम सबसे ज्यादा टेस्ट खेलेगी?

ऑस्ट्रेलियाई टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र में सबसे ज्यादा 22 टेस्ट मैच खेलेगी। वहीं, इंग्लैंड की टीम 21 मैच खेलेगी। इसके बाद 18 मैचों के साथ भारत तीसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड को 16 और दक्षिण अफ्रीका-वेस्टइंडीज को 14-14 टेस्ट खेलने हैं। पाकिस्तान की टीम 13 और श्रीलंका-बांग्लादेश को 12-12 टेस्ट खेलने हैं। 2025-27 चक्र में प्रतिस्पर्धा करने वाले नौ देशों के बीच खेली जाने वाली 27 टेस्ट सीरीज में से 17 सीरीज में केवल दो मैच होंगे, जबकि तीन मैचों की छह सीरीज होंगी।

दैनिक आदित्य भारत
!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, रविवार, 29 जून, 2025
www.adityabharat.com





3 मरीन इन्फैंट्री पैराशूट रेजिमेंट के सैनिक कैथेरे 25 अभ्यास में भाग लेने के लिए एक मैदान में उतरे, जिसमें 800 से अधिक सक्रिय और आरक्षित सैन्य कर्मी शामिल थे।

## शॉर्ट न्यूज

### नॉर्वे की क्राउन प्रिंसेस के बेटे पर रेप के आरोप

**नॉर्वे** । नॉर्वे की क्राउन प्रिंसेस मेट्टे-मैरिट के बड़े बेटे मारियस बोर्ग होइबी पर पुलिस ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उन पर बलात्कार, यौन शोषण और मारपीट जैसे मामले दर्ज किए गए हैं। मारियस बोर्ग के खिलाफ 10 से ज्यादा पीड़ितों ने शिकायत की थी। सबूतों में मैसेज, गवाहों के बयान और तलाशी से मिली चीजें शामिल हैं। उनको 2024 में भी मारपीट के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। शाही परिवार ने अब तक इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। मारियस, क्राउन प्रिंस हाकन के सौतेले बेटे हैं, 28 साल के मारियस अब क्राउन प्रिंस के साथ नहीं रहते। फिलहाल मारियस जेल से बाहर हैं, उन पर कानूनी कार्यवाही चल रही है।

### तमिलनाडु के रानीपेट में टूटी पटरी से उतरी ट्रेन

**चेन्नई**। तमिलनाडु के रानीपेट जिले में चिट्टेरी स्टेशन के पास एक पैसेंजर ट्रेन (नंबर 66057) पटरी से उतर गई। यह ट्रेन अरक्कोनम से कटपाड़ी जा रही थी। हादसा तब हुआ जब ट्रेन चिट्टेरी स्टेशन से निकली ही थी। लोगों ने बताया कि तेज आवाज आई और ड्राइवर ने तुरंत ट्रेन रोक दी। वहां की पटरी टूटी हुई दिखी। किसी को चोट नहीं लगी और कोई जान का नुकसान नहीं हुआ। फिलहाल ट्रैक ठीक करने का काम चल रहा है। चिट्टेरी स्टेशन पहले भी हादसों के लिए चर्चा में रहा है। 2011 में यहां दो ट्रेनों की टक्कर में 11 लोगों की मौत हो गई थी।

### आईपीएस अधिकारी का अचानक निधन

**नासिक**। हरियाणा की आईपीएस अधिकारी स्मिति चौधरी का शुक्रवार को अचानक 48 साल की उम्र में निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से बीमार थीं, जिस वजह से छुट्टी पर चल रहीं थी। जिसके बाद वह पति से मिलने महाराष्ट्र के नासिक में गई थीं। उनके पति राजेश कुमार भी आईपीएस अधिकारी हैं। वह महाराष्ट्र में आईजी के पद पर हैं। वहीं पर तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। जिसके बाद वहीं उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### ईरान की इकोनॉमी और भविष्य बर्बाद, मैंने खामेनेई को मौत से बचाया

# इजराइल के खिलाफ जीत का दावा झूठा : ट्रम्प

**तेहरान ● एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के उस दावे को झूठा करार दिया, जिसमें उन्होंने इजराइल के खिलाफ जंग में जीत की ऐलान किया था। ट्रम्प ने कल ट्रुथ सोशल पर कहा मैंने खामेनेई को एक भयानक और अपमानजनक मौत से बचाया। मुझे यह भी उम्मीद नहीं है कि वे मुझे शुक्रिया कहेंगे।' अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया कि वह खामेनेई के ठिकाने से वाकिफ थे, लेकिन उन्होंने इजराइल और अमेरिकी सेना को उनकी हत्या से रोका, जिससे उनकी जान बच गई। उन्होंने आगे कहा, 'ईरान ग्लोबल सिस्टम में शामिल होने की जगह गुस्सा और दुश्मनी दिखा रहा है, जिसकी वजह से उनकी सेना, इकोनॉमी और भविष्य बर्बाद हो चुका है।'

**ऐलान**



### ईरानी राष्ट्रपति बोले- इजराइल के हमलों का जवाब जरूरी था

इधर, ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने कहा कि अगर इजराइल के हमलों का जवाब नहीं दिया जाता, तो इससे पूरे क्षेत्र में बड़ा और बेकाबू युद्ध शुरु हो सकता था। पजशकियान ने यह बात बेलारुस के मिन्स्क में चल रहे चौथे यूरेशियन आर्थिक मंच में ऑनलाइन जुड़कर कही। उन्होंने बताया कि इजराइल ने ईरान की जमीन पर हमला किया था और ईरान की सेना ने संयुक्त राष्ट्र के नियमों के मुताबिक इसका सही जवाब दिया। पजशकियान ने कहा कि उस वक्त ईरान और अमेरिका के बीच ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर अप्रत्यक्ष बातचीत चल रही थी, तभी इजराइल ने ईरान पर हवाई हमला कर दिया। पजशकियान ने कहा कि ईरान की शांतिपूर्ण परमाणु सुविधाओं पर अमेरिका और इजराइल का हमला अंतरराष्ट्रीय नियमों का गंभीर उल्लंघन है, क्योंकि ये परमाणु सुविधाएं IAEA की पूरी निगरानी में हैं। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य देश द्वारा इस तरह का हमला परमाणु हथियारों के फैलाव को रोकने की कोशिशों के लिए बड़ा नुकसान है।

**इजराइली रक्षा मंत्री ने भी कहा- खामेनेई को मारना चाहते थे :** इससे पहले इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने गुरुवार को कहा था कि इजराइल ईरान के सुप्रीम लीडर को खत्म करना चाहता था। काट्ज ने चैनल 13 के साथ एक इंटरव्यू में कहा, 'अगर खामेनेई हमारी पहुंच में होते, तो हम उन्हें मार गिराते।' काट्ज ने कहा, 'इजराइल खामेनेई को खत्म करना चाहता था, लेकिन ऐसा करने का कोई मौका नहीं था।' काट्ज से जब पूछा गया कि क्या इजराइल ने अमेरिका से इसकी इजाजत मांगी थी, इस पर उन्होंने कहा, 'हमें इन चीजों के लिए किसी की इजाजत की जरुरत नहीं है।'

## सेक्सुअल एक्ट की लाइव स्ट्रीमिंग की, कपल गिरफ्तार

**हैदराबाद ● एजेंसी**

हैदराबाद पुलिस ने सेक्सुअल एक्ट की लाइव स्ट्रीमिंग करने और अश्लील वीडियो बेचने के आरोप में कपल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कल बताया कि कपल को पैसों की जरूरत थी। वो अपनी दो बेटियों की कॉलेज फीस नहीं भर पा रहे थे। इसी वजह से उन्होंने मोबाइल एप के जरिए अश्लील कंटेंट बेचना शुरू किया। पुलिस के अनुसार, कपल एचडी कैमरे से वीडियो बनाकर एप पर बेचता था। लाइव स्ट्रीम के 2000 रुपए और रिकॉर्डेड वीडियो 500 रुपए मिलते थे। वे मास्क पहनकर वीडियो बनाते थे ताकि पहचान छिपी रहे।

गिरफ्तार कपल हैदराबाद के अंबरपेट के मल्लिकार्जुन नगर का रहने वाला है। पति ऑटो रिक्शा चलाता है और बीमार चल रहा था। वह अपना मेडिकल खर्च भी नहीं उठा पा रहा था। वहीं उनकी एक बेटी बीटेक सेकंड ईयर में है। जबकि दूसरी बेटी ने 12वीं में 470 में से 468 अंक हासिल किए हैं। उसकी कॉलेज में एडमिशन की तैयारी चल रही थी। ईस्ट जोन टास्क फोर्स को इस पूरे मामले की गुप्त जानकारी मिली थी। इसके बाद मल्लिकार्जुन नगर स्थित घर पर छापा मारा गया। घर से एचडी कैमरे, रिकॉर्डिंग उपकरण और अन्य डिवाइस जब्त किए गए हैं। कपल पर आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि वीडियो खरीदने वाले युवाओं की पहचान की जा रही है। सभी को नोटिस भेजे जा रहे हैं। उनकी भूमिका की भी जांच हो रही है।

## गाजा में खाने की जगह मौत बांट रहा है अमेरिका

**गाजा ● एजेंसी**

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने कल कहा कि गाजा में खाने की जगह अमेरिका मौत बांट रहा है। उन्होंने कहा कि गाजा के लोगों को राहत सामग्री पहुंचाने का यह पूरा कार्यक्रम बहुत खतरनाक है। इसके जरिए लोगों की हत्या की जा रही है। इजरायल और अमेरिका दोनों ने ही यूएन से इस विवादित गाजा ह्यूमनेटेरियन फाउंडेशन के लिए काम करने को कहा था। हालांकि यूएन ने साफ इनकार कर दिया था। यूएन



ने कहा था कि अमेरिका और इजरायल को पहले न्यूट्रल होकर यह अभियान चलाना चाहिए। गुटेरस ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र जो भी मानवीय सहायता करने की कोशिश करता है उसका गला घोंट दिया जाता है। सहायता करने वाले कार्यकर्ता खुद भुखमरी का शिकार हो गए हैं। उन्होंने कहा, जब लोग अपने परिवारों की भूख मिटाने की कोशिश करते हैं तो उन्हें बड़ी आसानी से मार दिया जाता है। खाने का मतलब कभी मौत नहीं हो सकता। गुटेरस ने कहा कि अब गाजा में सीजफायर हो जाना चाहिए। 19 मई को आंशिक रूप से प्रतिबंध हटाए जाने के बाद यूएन को सीमीत रूप से ही खाद्य सामाग्री पहुंचाने को कहा गया है। वहीं राशन लेने के दौरान ही कम से कम 400 फिलिस्तीनियों को मार दिया गया।

### हिंदू संगठनों ने यूनिवर्सिटीज में विरोध किया

# दुर्गा मंदिर पर बुलडोजर के खिलाफ आज बांग्लादेश बंद

**ढाका ● एजेंसी**

बांग्लादेश में रथयात्रा के एक दिन पहले 26 जून को ढाका के खिलखेत में दुर्गा मंदिर पर बुलडोजर चलाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। बांग्लादेश हिंदू-बौद्ध-ईसाई एकता परिषद ने आज घटना के विरोध में बांग्लादेश बंद का आह्वान किया है। बांग्लादेश हिंदू महासंघ ने शुक्रवार को बंद की जानकारी दी थी। शुक्रवार को रथयात्रा के दिन बांग्लादेश के कई शहरों में घटना के खिलाफ प्रदर्शन हुए। देश की अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय ने

**विरोध**





यूनुस सरकार के मंदिर गिराए जाने के फैसले के विरोध में कई जिलों और विश्वविद्यालयों में प्रदर्शन और मानव श्रृंखला का आयोजन किया। ढाका में आयोजित एक विरोध रैली में हिंदू अलायंस के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट गोबिंद चंद्र प्रामाणिक ने कहा, 'जहां मंदिर गिराया गया, वहां मस्जिदें और मदरसे हैं। वहां कई अवैध ढांचे भी मौजूद हैं। ऐसे में मंदिर और उसकी मूर्तियों को अवैध कहकर गिराना यह साबित करता है कि इस सरकार के हर कोने में कट्टरपंथी घुस चुके हैं।' बांग्लादेश रेलवे अधिकारियों ने 26 जून को ढाका के खिलखेत में एक दुर्गा मंदिर पर बुलडोजर चलवाया था। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि मंदिर रेलवे की जमीन पर अवैध रूप से बनाया गया था। हिंदू संगठनों का आरोप है कि अधिकारियों ने लोगों को जानकारी दिए बिना मंदिर तोड़ दिया।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक -** दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक-** दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)